

रोहतक

बुधवार, 24 जनवरी 2024

पौष मास शुक्ल पक्ष, चतुर्दशी वर्ष : 27, अंक : 363

पृष्ठ 14 मूल्य 3.00

मौसम

अधि. 13.0

न्यून. 6.0

haribhoomi.com

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी









अधिक जानकारी के लिए स्कैन करें

हमारा संकल्प विकसित भारत

CBC 22201/13/0205/2324


मोदी सरकार की गारंटी

किसानों की समृद्धि

1 लाख 25 हज़ार प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्र वन स्टॉप शॉप के रूप में विकसित; घर के नजदीक ही किसानों को मिल रहीं अत्याधुनिक सुविधाएं और जानकारी









## बिहार के पूर्व सीएम कर्पूरी को मिलेगा भारत रत्न



**नई दिल्ली।** बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न (मरणोपरांत) से सम्मानित किया जाएगा। वह पिछड़े वर्गों के हितों की वकालत करने के लिए जाने जाते थे। बता दें कि 24 जनवरी को उनकी जयंती है। कर्पूरी ठाकुर दो बार बिहार के सीएम और एक बार डिप्टी सीएम रहे। वे बिहार के पहले गैर कांग्रेसी मुख्यमंत्री थे। उन्होंने पहली बार 1952 में विधानसभा चुनाव जीता। इस मौके पर कर्पूरी के बेटे ने कहा कि उन्हें अब 36 साल की तपस्या का फल मिला है। भाषा

## प्राण प्रतिष्ठा के बाद अयोध्या में उमड़ी भारी भीड़

### मुख्य पुजारी बोले, धैर्य रखें

# पहले दिन 5 लाख श्रद्धालुओं ने किए रामलला के दर्शन

एजेंसी ▶▶। अयोध्या

अयोध्या में नवनिर्मित राम मंदिर में सोमवार को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद आधी रात से ही श्रद्धालुओं का दर्शन के लिए जमावड़ा लगने लगा था। मंगलवार देर शाम तक पांच लाख से अधिक श्रद्धालु भगवान राम के बाल स्वरूप का दर्शन कर चुके थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर जिलाधिकारी अयोध्या ने शहर में आठ स्थानों पर मजिस्ट्रेट तैनात कर दिए हैं। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के मद्देनजर कई बार भीड़ काबू से बाहर होती दिखी, लेकिन पुलिस प्रशासन के आला अधिकारियों ने स्थिति को तुरंत संभाल लिया और लोगो को कतार में खड़ा करवाकर भगवान राम के दर्शन कराये। सूचना निदेशक शिशिर ने मंगलवार देर शाम को बताया 'आज पांच लाख श्रद्धालुओं ने रामलला के दर्शन किए हैं।' अयोध्या के राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा की गई रामलला की नई मूर्ति को बालक राम के नाम से जाना जाएगा। पुजारी अरुण दीक्षित ने बताया कि नई मूर्ति का नाम बालक राम रखने का कारण यह है कि प्रभु एक बच्चे की तरह दिखते हैं, जिनकी उम्र 5 साल है।

## अयोध्या आने वाली सभी बसें बंद, मुख्यमंत्री योगी पहुंचे

### रामलला की नई मूर्ति का नाम बालक राम

- प्राण प्रतिष्ठा में शामिल पुजारी अरुण दीक्षित बोले- प्रभु बच्चे की तरह दिखते हैं, उनकी उम्र 5 साल
- राम मंदिर में प्रशासन भीड़ नहीं संभाल पाया
- पहले प्रमुख सचिव गृह और डीजी लॉ एंड ऑर्डर पहुंचे
- फिर सीएम योगी आदित्यनाथ भी अयोध्या आए, जायजा लिया
- गृहमंत्री अमित शाह 4 फरवरी को अयोध्या आएंगे



### मंदिर के कपाट खुलते ही लगी होड़

अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद मंगलवार को मंदिर में आम लोगों का दर्शन शुरू हो चुका है। अल सुबह 3 बजे से ही दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। रामलला के दर्शन के लिए कई राज्यों से लोग आए हुए हैं। जैसे ही मंदिर के कपाट खुले तो लोगों में अंदर जाने के लिए होड़ सी मच गई। अयोध्या में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने पर मुख्य पुजारी आचार्य सत्येन्द्र दास बोले, मैं सभी भक्तों को आश्वस्त करता हूं कि वे रामलला के दर्शन कर सकेंगे, दर्शन लगातार जारी है। सभी श्रद्धालु धैर्य बनाए रखें। श्रद्धालुओं के सुगम व सुरक्षित दर्शन हेतु अयोध्या पुलिस द्वारा सभी ड्यूटी प्वाइंटों पर पुलिस बल तैनात कर रही सतर्कता बरती जा रही है।

### आठ मजिस्ट्रेट तैनात

भीड़ को काबू करने के लिए 8 मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं। अयोध्या राम मंदिर में बड़ी संख्या में भक्त दर्शन के लिए पहुंचे हैं। यूपी के प्रमुख सचिव, गृह, संजय प्रसाद और विशेष डीजी कानून और व्यवस्था, प्रशांत कुमार भक्तों की व्यवस्थित आवाजाही की निगरानी के लिए मंदिर के गर्भ गृह में पहुंचे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अयोध्या पहुंच गए हैं। सीएम योगी यहां व्यवस्थाओं का जायजा लेंगे। उनका हेलीकॉप्टर रामकथा हेलीपैड पर उतरा। इस समय शासन के उच्चाधिकारी भी अयोध्या में मौजूद हैं।

# ठंड अभी 4 दिन और सताएगी, 5वीं तक की छुट्टियां 28 तक बढ़ीं

हरिभूमि टीम ▶▶। हरियाणा

प्रदेश में एक माह से भीषण ठंड और कोहरे ने कोहराम मचा रखा है। लोगों को भीषण ठंड से कहीं भी राहत नहीं मिल रही है। जनवरी में कोहरा, धुंध व बादल छाए रहने के कारण ठंड चरम पर है। वहीं, मौसम विभाग का कहना है कि अभी चार दिन और ठंड का प्रकोप बना रहेगा। अधिकांश जिलों में 28 जनवरी तक कोल्ड डे और शीत लहर का सितम जारी रहेगा। मंगलवार को 12 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से उत्तर-पश्चिमी हवाएं चलने से दिन का तापमान 11.9 डिग्री तक गिर गया, जबकि न्यूनतम तापमान 3 डिग्री के आसपास ही रहा।



### ऑरेंज अलर्ट जारी

मौसम विभाग ने 25 जनवरी तक कोहरे, कोल्ड डे और शीत लहर का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। 25 जनवरी को पहाड़ों में पश्चिमी विक्षोभ असर दिखा सकता है। इससे बर्फबारी या बारिश हो सकती है। इससे प्रदेश में सर्दी का प्रकोप और बढ़ेगा।

### पहली से 5वीं तक स्कूल बंद रहेंगे

हरियाणा में फिर से स्कूलों की छुट्टियां बढ़ा दी हैं। सूबे में पहली से 5वीं तक स्कूल 28 जनवरी तक बंद रहेंगे, जबकि छठी से 12वीं कक्षा तक की कक्षाएं लगती रहेंगी। शिक्षा मंत्री कंवर पाल गुर्जर ने बताया कि भीषण ठंड के चलते यह फैसला लिया गया है। 5वीं कक्षा तक के बच्चों की कक्षाएं 29 जनवरी से लगेंगी।

# एएसआई सुधीर 30,000 की रिश्वत लेते गिरफ्तार

**एसीबी की टीम ने की कार्रवाई, सफीदों में दर्ज एफआईआर में आरोपित को रिमांड पर न लेने के बदले लिए पैसे**

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** हरियाणा एंटी करप्शन ब्यूरो(एसीबी) की टीम ने मंगलवार को जींद के पुलिस स्टेशन सदर, सफीदों में तैनात एएसआई सुधीर कुमार को 30,000 रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया। एसीबी के प्रवक्ता ने बताया कि सुधीर ने सफीदों पुलिस थाना सदर में दर्ज एफआईआर में आरोपित को रिमांड पर न लेने के बदले में घूस मांगी थी। एसीबी ने उसे 30,000 रुपये लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। मामले में आरोपित के खिलाफ करनाल के एसीबी पुलिस स्टेशन में केस दर्ज किया गया है। ब्यूरो के प्रवक्ता ने कहा कि यदि कोई भी अधिकारी या कर्मचारी सरकारी काम करने की एवज में रिश्वत की मांग करता है तो तुरंत इसकी जानकारी एसीबी के टोल फ्री नंबर-1800-180-2022 व 1064 पर दें।





विको टरमरिक क्रीम, विश्वास और गुणवत्ता का प्रतीक, हल्दी और चंदन के गुणों से युक्त है। इस में आयुर्वेद और विज्ञान का अनूठा संगम है। हल्दी सदियों से हमारी त्वचा को सुंदरता और चंदन कोमलता प्रदान करते आ रहे हैं। इन्ही गुणों के कारण विवाह के उपलक्ष्य पर, हल्दी रस्म में वर एवं वधू विको टरमरिक क्रीम का प्रयोग कर अपनी त्वचा को और निखार सकते हैं। इसके अलावा विको टरमरिक क्रीम कील, मुँहासे, दाग, धब्बे और रूखापन जैसी समस्याएं दूर करने में सहायता करती है। विको टरमरिक क्रीम त्वचा को कोमलता, अनुपम सुंदरता और सोने जैसा निखार प्रदान करती है।

• Follow us on @viccolabs • Like us on /ViccoLabs
• Shop online at https://viccolabs.com • Customer Care No. 0712-2420890


## हरियाणा शिक्षा बोर्ड की 10वीं 12वीं की प्रेक्टिकल परीक्षाएं एक से



**भिवानी (हरिभूमि न्यूज)।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी ने मंगलवार को सेकेंडरी एवं सीनियर सेकेंडरी (10वीं व 12वीं) की वार्षिक परीक्षा को लेकर नियमित परीक्षार्थियों की प्रायोगिक (प्रेक्टिकल) परीक्षाओं की तिथियां निर्धारित कर दी। प्रेक्टिकल परीक्षा 1 से 17 फरवरी तक होंगी। इनके लिए समय सुबह 9 से दोपहर 2 बजे तक तय किया है। बोर्ड अध्यक्ष डॉ. वीपी यादव एवं सचिव ज्योति मित्तल ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सीनियर सेकेंडरी के भौतिकी, रसायन शास्त्र एवं जीव विज्ञान विषयों की प्रायोगिक परीक्षा बोर्ड द्वारा बाह्य परीक्षक नियुक्त करके सम्पन्न करवाई जाएगी।

### शेष विषय की परीक्षा स्कूल के टीचर लेंगे

सीनियर सेकेंडरी (शैक्षिक) के शेष विषयों के परीक्षार्थियों एवं सेकेंडरी (शैक्षिक) की प्रायोगिक परीक्षा सम्बन्धित विद्यालयों में सम्बन्धित विषय के नियुक्त प्राध्यापकों/अध्यापकों द्वारा ही करवाई जानी है, जो उस विषय को स्कूल में पढ़ा रहे हैं।

### ऑब्जर्वर होंगे तैनात

बोर्ड सचिव ने बताया कि सीनियर सेकेंडरी नियमित के भौतिकी, रसायन शास्त्र एवं जीव विज्ञान विषयों की प्रायोगिक परीक्षाओं के निरीक्षण कार्य हेतु ऑब्जर्वर की नियुक्ति की जाएगी। प्रायोगिक परीक्षाओं के लिए नियुक्त ऑब्जर्वर व परीक्षकों को बोर्ड द्वारा उनकी ड्यूटी की सूचना एसएमएस के माध्यम से भेजी जाएगी। बच्चे भी परीक्षाओं के लिए पूरी तैयारी कर रहे हैं।


KALINGA INSTITUTE OF INDUSTRIAL TECHNOLOGY (KIIT)

Deemed to be University

(Established U/S 3 of UGC Act) 1956, Bhubaneswar, Odisha, India

KIITEE 2024 APPLY NOW

through KIIT Websites

www.kiitee.ac.in/www.kiit.ac.in

No Examination Fee
(Computer Based Online Test)



Ranking & Recognition

16th Among Indian Universities Ranked by NIRF, Govt. of India | A++ Grade Accredited by NAAC | Tier 1 Reaccredited by NBA | THE World University Rankings 2023: 301-400 Computer Science, 401-500 Engineering, 601-800 University Ranking | ABET | IET

**B.Tech (4 Years) in following branches of Engineering :**
Civil, Electrical, Mechanical, Electronics & Telecommunication, Electronics & Computer Science, Electronics and Electrical, Aerospace, Mechatronics, Mechanical (Automobile), Chemical, Computer Science, Information Technology, Computer Science and System, Computer Science and Communication

ACADEMIC PROGRAMMES AVAILABLE

**Bachelor's Programmes**
- B. Design (Automobile/Graphic/Product) (4 Years)
- B.Tech & M.Tech-Biotechnology (5years)
- B. Arch. (5years)
- B. Tech. ( Lateral Entry) (3years)
- BCA (3years)
- BBA (3years)
- Bachelor of Design (Fashion / Textile) (4years)
- Bachelor of Film & Television Production(3years)
- BA.LL.B / BBA LL.B / B.Sc. LL.B (5years)
- Bachelor of Communication & Journalism(3years)
- BA in Economics (Hons)(4years)
- BA in Sociology (Hons)(4years)
- BA in English (Hons)(4years)
- B.A. in Psychology (Hons)(4years)
- B.Com (Hons)(4years)
- B.Sc. Computer Science (4years)
- B.Sc. Nursing (4years)
- B. Pharma (4 years)
- D.Pharma (2 Years)

**Master's Programmes**
- M.Tech. (2years)
- LLM(2years)
- MCA (2years)
- M.Sc Biotechnology (2years)
- M.Sc. Applied Microbiology(2years)
- M. Arch(2years)
- Int. M.Tech & Ph.D(5years)
- Master of Communication & Journalism(2years)
- Master in Sports & Yogic Sciences (2years)
- Master of Hospital Administration (2years)
- Master of Public Health (2years)
- M. Design (2 Years)
- M.Sc. Computer Science(2years)
- MA in Economics (2years)
- MA in Sociology(2years)
- MA in English(2years)
- MA in Psychology(2years)
- MA in Public Policy(2years)
- M.Com (2years)
- M.Sc. in Physics. / Chemistry. / Mathematics & Data Science (2years)
- M.Sc. Nursing (2years)
- Ph.D

CAMPUS PLACEMENT 2023 HIGHLIGHTS

750 + companies

6200+ Job Offers

₹63LPA Highest Salary Offered

2000+ paid internship opportunities

Director, Admissions : Admission Cell, Koel Campus, Po- KIIT, Bhubaneswar-751024, Odisha, India, Ph: 8080 735 735, Fax : 0674 - 2741465, Email: admission@kiit.ac.in, Website: www.kiitee.ac.in

KIIT (Deemed to be University) has only one permanent campus in Bhubaneswar, Odisha. It has no other campus / off campus anywhere else in the country and globe.

## खबर संक्षेप

### बिजली संबंधी समस्याएं आज सुनीं जाएंगी

**चंडीगढ़।** उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम (यूएचबीवीएन) पंचकूला के कॉरपोरेट शिकायत निवारण मंच के चेयरमैन एवं सदस्यों द्वारा मंच की कार्यवाही 24 जनवरी को कॉरपोरेट उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच (सी.जी.आर.एफ.) के कार्यालय पंचकूला में की जाएगी। इस दौरान केवल पंचकूला जिला के उपभोक्ताओं की शिकायतों की सुनवाई की जाएगी। बिजली निगम के प्रवक्ता ने बताया कि मंच के सदस्य, पंचकूला जिले के उपभोक्ताओं की सभी प्रकार की समस्याओं की सुनवाई करेंगे।

### सौर ऊर्जा पंप पर दी जा रही 75 प्रतिशत सब्सिडी

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार की ओर से प्रधान मंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान स्कीम के तहत 75 प्रतिशत अनुदान पर सोलर वाटर पम्पिंग सिस्टम के लिए ऑनलाइन आवेदन पोर्टल पर 19 जनवरी 29 जनवरी 2024 तक किए जा सकेंगे। ऑनलाइन आवेदन करने के लिए जरूरी दस्तावेज जमीन की फर्द, आधार कार्ड, फॅमिली आई.डी. व वचन पत्र है।

## सीएम ने रोहतक में आयोजित सुभाष चंद्र बोस जयंती समारोह को किया संबोधित

# राजनीति में भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद के खिलाफ जारी रहेगी लड़ाई : मनोहर

- बोले, नेताजी के तीन जांबाज हरियाणा से होना गर्व की बात

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रोहतक

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा है कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने देश व समाज के लिए जो किया, उसको कभी भी भूलाया नहीं जा सकता। जब भी देश व समाज की बात होगी तो नेताजी का नाम अवश्य लिया जाएगा। हमारे लिए यह गर्व की बात है कि हरियाणा में नेताजी के तीन जांबाज आज भी हमारे साथ हैं। जिनमें से दो रेवाड़ी और एक महेंद्रगढ़ का रहने वाला है। इन तीनों को जिला प्रशासन ने सम्मानित ि कया। सीएम ने मंगलवार को रोहतक के राजकीय महिला महाविद्यालय में आयोजित नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह बात कही। कार्यक्रम को सांसद डॉ. अरविंद शर्मा, राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा, पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर ने भी संबोधित किया। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने महापुरुषों व नायकों को याद करते हुए एक बार फिर राजनीति में भाई भतीजावाद, भ्रष्टाचार, जातिवाद पर हमला बोलते हुए कहा कि इनके खिलाफ हमारी लड़ाई जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि युवाओं को रोजगार देना व जनहित में काम करना हमारी प्राथमिकता है। भगवान श्रीराम, नेताजी सुभाष चंद्र बोस जैसे महापुरुषों व देश के नायकों का सम्मान करना भाजपा की प्राथमिकता रही है। सत्ता में आने के बाद हमने सरकारी तौर पर महापुरूषों की जयंती मनाने का काम किया है। हम महापुरूपों व देश के नायकों के पदचिन्हों पर चल रहे हैं तथा प्रदेश की राजनीति से भाई भतीजावाद, भ्रष्टाचार, जातिवाद व क्षेत्रवाद को खत्म करना तथा युवाओं को योग्यता के आधार पर रोजगार देने के साथ गरीबों का कल्याण व जनहित हमारी प्राथमिकता रहे हैं और आगे भी रहेंगे। प्रदेश में सभी के जायज काम व मांगें पूरी होंगी तथा इसके लिए किसी को भटकना नहीं पड़ेगा।



**रोहतक।** कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री मनोहर लाल।

### ये दो दिन हमारे लिए अहम

मुख्यमंत्री ने कहा कि 22 जनवरी को अध्योध्या में श्री रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा होना व 23 को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती कार्यक्रम में शामिल होना हमारे लिए अहम हैं। इन दोनों ही दिनों के पलों को कभी भूलाया नहीं जा सकता। देश की आजादी के लिए अहम भूमिका निभाने वाले नेताजी हमें हमेशा देश व समाज के लिए कुछ न कुछ करने के लिए प्रेरित करते रहेंगे। जबकि सदियों बाद अपने घर लौटे भगवान राम हमें हमेशा जीवन दर्शन का अहसास करवाते रहेंगे।

### सेना में हरियाणा का अहम योगदान

मुख्यमंत्री ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस आज भी युवाओं में जोश भरते हैं। देश की सेना में हरियाणा का अहम योगदान है तथा देश की सीमाओं की रक्षा के लिए प्रदेश का युवा अपनी कुर्बानी देने से पीछे नहीं हटता।

## डीआईजी ने की गणतंत्र दिवस पर सुरक्षा प्रबंधों की समीक्षा

# प्रदेश में चप्पे-चप्पे पर रहेगी पुलिस की नजर



**चंडीगढ़।** वीसी से पुलिस अधिकारियों की बैठक लेते डीआईजी शत्रुजीत कपूर।

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶। चंडीगढ़

- पुलिस अधिकारियों से लिया फीडबैक

गणतंत्र दिवस समारोह को लेकर प्रदेश में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करते हुए समारोह स्थलों की ओर जाने वाले सभी मार्गों पर पुलिस की कड़ी नजर रहेगी। हरियाणा के पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर कानून व्यवस्था संबंधी तैयारियों की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा की। इस वीसी में प्रदेश भर के पुलिस के एडीजीपी, आईजी तथा पुलिस अधीक्षकों सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए कपूर ने कहा कि गणतंत्र दिवस हमारा राष्ट्रीय पर्व है ऐसे में सभी पुलिस अधिकारी कानून व्यवस्था संबंधी सभी प्रबंधों का बारीकी से अध्ययन करें और सुनिश्चित करें कि किसी भी स्तर पर लापरवाही ना हो। पुलिस मुख्यालय द्वारा सभी जिलों में सुरक्षा प्रबंध करने संबंधी लिखित में भी दिशा निर्देश दिए जा चुके हैं जिसमें पुलिस अधिकारियों को निर्धारित बिंदुओं पर विशेष रूप से ध्यान केन्द्रित करते हुए सुरक्षा प्रबंध सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है।

# मिड-डे-मील वर्कर्स को मंत्री से मिला आश्वासन

- मांगों को लेकर शिक्षा मंत्री बोले सहानुभूतिपूर्वक करेंगे विचार

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶। चंडीगढ़

शिक्षा मंत्री ने मिड-डे-मील वर्कर्स यूनियन के साथ बैठक में कई मांगों को लागू करने आश्वासन दिया। यूनियन ने कहा यदि पंद्रह दिनों में समाधान नही हुआ तो 16 फरवरी को प्रदेश भर की वर्कर्स हड़ताल करेंगी और आंदोलन तेज करने के लिए मजबूर होंगी।

सेक्टर 3 स्थित अपने निवास पर उन्होंने यूनियन के प्रतिनिधिमंडल के साथ बात की। उन्होंने शिक्षा विभाग के आला अधिकारियों को निर्देश दिए कि वर्कर्स को नवम्बर व दिसम्बर 2023 मास के पेंडिंग मानदेय का तुरंत भुगतान हो। मिड डे मील वर्कर्स को 10 की बजाए 12 महीने का वेतन देने, वर्दी भत्ता में बढ़ोतरी करने, रिटायरमेंट पर 2 लाख रुपए देने तथा आयुष्मान में शुल्क से छूट देने का प्रस्ताव को तैयार करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने कहा कि इन सभी मुद्दों पर मुख्यमंत्री हरियाणा के साथ बातचीत करके आगामी दिनों में निर्णय लिया जाएगा। उन्होंने यूनियन को आश्वासन दिया कि मिड-डे-मील योजना को ठेके पर नही दिया जाएगा। बाद में निदेशक मौलिक शिक्षा डा. आर.एस. ढिल्लों से भी यूनियन प्रतिनिधिमंडल ने बैठक की और अपनी मांगो का ज्ञापन सौंपा। निदेशक महोदय ने कहा कि अगले वित्त वर्ष से मानदेय का भुगतान समय पर होगा। वर्कर्स के लिए अवकाश का प्रावधान किया जाएगा। हटाई गई वर्कर्स का समायोजन होगा। रिटायरमेंट पर दो लाख रुपए व उम्र 65 साल करने पर विचार किया जाएगा। यह भी कहा कि वर्कर्स को बच्चों को खाना खिलाने के बाद स्कूल में रुकने की कोई जरूरत नही है।

### राज्यपाल ने किया श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के कैलेंडर का विमोचन

**चंडीगढ़।** हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के कैलेंडर का ऑनलाइन विमोचन किया। यह कैलेंडर भगवान श्रीराम चंद्र, अमृतकाल और विकसित भारत के मिश्रित थीम पर



बनाया गया है। कैलेंडर में तीन सर्वाधिक महत्वपूर्ण थीम शामिल करने के लिए राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्री बंडारू दत्तात्रेय ने कुलपति डॉ. राज नेहरू को बधाई दी। उन्होंने कहा कि श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय ने वर्ष 2024 का बहुत सुंदर और सारगर्भित कैलेंडर बनाया है। यह सिर्फ तारीखों और महीनों का संकलन नहीं है, बल्कि एक वर्ष के काल खंड का उन्नतशील नियोजन भी है। यह कैलेंडर भगवान श्री राम चंद्र जी को समर्पित है। इस कैलेंडर के हर पृष्ठ पर रामायण की एक चौपाई दी गई है, जो हमेशा भगवान राम के आदर्शों पर चलने के लिए प्रेरणा देती रहेगी। राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि इस कैलेंडर की प्रत्येक तिथि आप सबको विकसित भारत के लक्ष्य की ओर बढ़ने के लिए प्रेरित करती रहेगी। राज्यपाल ने कैलेंडर की थीम और उसके सुंदर डिजाइन के लिए कुलपति डॉ. राज नेहरू और कुलसचिव प्रोफेसर ज्योति राणा को बधाई दी।

# विभागों में समन्वय बनाने के लिए विस अध्यक्ष ने की बैठक




पंचकूला में उच्च अधिकारियों के साथ बैठक करते विस अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता।

- शहर के सेक्टरों के बाहर पीएमडीए संभालेगा मोर्चा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶। चंडीगढ़

हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता ने पंचकूला के विकास को गति देने के लिए मंगलवार को पांच प्रमुख विभागों व निगमों के उच्च अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में पंचकूला मेट्रोपॉलिटन विकास प्राधिकरण (पीएमडीए), हरियाणा राज्य औद्योगिक एवं मूलभूत ढांचा विकास निगम (एचएसआईआईडीसी), हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (एचएसवीपी), पंचकूला नगर निगम और लोक निर्माण विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। गुप्ता ने कहा कि जन सेवा से जुड़े विभागों का कार्य निर्धारण स्पष्ट और जनता की सुविधा अनुसार होना चाहिए। अधिकारियों ने बताया कि नगर योजना विभाग की ओर से पंचकूला शहर और आसपास के क्षेत्र की विस्तृत विकास योजना पंचकूला मेट्रोपॉलिटन विकास प्राधिकरण को सौंप दी गई है। एचएसवीप से मिली सभी 38 सड़कें नगर निगम ने पंचकूला मेट्रोपॉलिटन विकास प्राधिकरण को सौंप दी है।



रोहतक, बुधवार, 24 जनवरी 2024

**सुविचार**

"विज्ञान कहता है जीभ पर लगी चोट सबसे जल्दी ठीक होती है और ज्ञान कहता है जीभ से लगी चोट कभी ठीक नहीं होती।"

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

राष्ट्रीय बालिका दिवस



haribhoomi.com





## म्हारी झांकी तीसरी बार शामिल

राज्य सरकार के प्रवक्ता के अनुसार, गणतंत्र दिवस की परेड में हरियाणा की झांकी को तीसरी बार राष्ट्रीय स्तर पर शामिल किया गया है। झांकी में एक स्कूली छात्रा दर्शाई गई, जिसके हाथ में टैबलेट है, जो डिजिटल हरियाणा का प्रतीक है। बता दें कि राज्य सरकार ने ई-अधिगम कार्यक्रम के तहत स्कूलों में 10वीं से 12वीं क्लास में पढ़ने वाले 5 लाख से अधिक छात्रों को निःशुल्क टैबलेट वितरित किए हैं। झांकी में परिवार पहचान पत्र के माध्यम से जनता को आसानी से मिलने वाली सुविधाओं तथा सेवाओं को दर्शाया है। झांकी में फूलों की खेती करती महिला किसान दर्शाई गई है जो कि आधुनिक खेती के साथ-साथ महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा दे रही हैं। इंटरनेशनल सोलर एलायंस के हरियाणा में स्थापित मुख्यालय को भी दर्शाया गया है।

# कर्तव्य पथ पर गूंजा जय हरियाणा

**फुल ड्रेस रिहर्सल** इस बार झांकी की थीम : मेरा परिवार, मेरी पहचान

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

गणतंत्र दिवस को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मंगलवार को कर्तव्यपथ पर फुल ड्रैस रिहर्सल की गई। इस दौरान 'जय हरियाणा, विकसित हरियाणा' गीत की गूंज कर्तव्य पथ पर सुनाई दी।गणतंत्र दिवस समारोह में हरियाणा की झांकी को लगातार तीसरी बार शामिल होने का गौरव प्राप्त हुआ है। इस साल हरियाणा की झांकी का थीम 'मेरा परिवार-मेरी पहचान' रखा गया है। कर्तव्य पथ पर फुल ड्रैस रिहर्सल केन्द्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों के अलावा देश के अलग-अलग राज्यों की झांकियां भी प्रदर्शित की गई। हरियाणा की झांकी के साथ दोनों तरफ हरियाणवी पारंपरिक वेशभूषा में महिला कलाकार हरियाणवी नृत्य कर रही हैं। इस दौरान हरियाणवी बोली में गीत भी बजता रहा। वहीं, सूत्रों का कहना है कि 26 जनवरी को फ्लाई-पास्ट में भारतीय एयरफोर्स के 51 एयरक्राफ्ट शामिल होंगे। इनमें 29 फाइटर प्लेन, 7 ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट, 9 हेलीकॉप्टर और एक हेरिटेज एयरक्राफ्ट शामिल होगा। इन्हें 6 अलग-अलग बेस से ऑपरेट किया जाएगा। गणतंत्र दिवस की परेड 25 झांकियां शामिल होंगी।

**गणतंत्र दिवस की तैयारी**

**एयरफोर्स के 51 एयरक्राफ्ट शामिल होंगे, 29 लड़ाकू विमान करेंगे शक्ति प्रदर्शन, झांकियों में चंद्रयान-3 की लैंडिंग और भगवान राम भी दिखेंगे**

### यूपी की झांकी में श्रीराम

उत्तर प्रदेश की झांकी में सबसे आगे भगवान राम होंगे। 22 जनवरी को राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद इस झांकी का महत्व बढ़ गया। इसके अलावा इस झांकी में मेरठ रैपिड रेल और ब्रह्मोस मिसाइल को शामिल किया गया है, क्योंकि उत्तर प्रदेश सरकार नेक्स्ट जेनरेशन ब्रह्मोस मिसाइल की मैन्युफैक्चरिंग के लिए राज्य में एक प्लांट डेवलप कर रही है।

### परेड की दो प्रमुख थीम

75वें गणतंत्र दिवस पर कर्तव्यपथ पर होने वाली परेड महिला-केंद्रित होगी। 'विकसित भारत' और 'भारत-लोकतंत्र की मातृका' नाम की इसकी दो प्रमुख थीम होंगी। मेजर जनरल सुमित मेहता ने बताया कि पहली बार ऑल-विमेन ट्राई-सर्विस कंटिंन्जेंट परेड में हिस्सा लेगा। इसमें सेना, वायुसेना और नौसेना की 60 महिला अफसर शामिल होंगी। *(पेज 10 भी देखें)*

# संसद की सुरक्षा में अब सीआईएसएफ भी तैनात

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

**बजट सत्र से पहले दी गई जिम्मेदारी, 140 से अधिक जवान तैनात किए गए**

पहले से तैनात संसद सुरक्षा सेवा, दिल्ली पुलिस और सीआरपीएफ का पार्लियामेंट का ड्यूटी ग्रुप भी तैनात रहेगा

संसद भवन की सुरक्षा के लिए केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) की तैनाती कर दी गई है। सीआईएसएफ के 140 कर्मियों वाली टुकड़ी अब संसद की कार्रवाई देखने आने वाले दर्शकों और उनके सामान की तलाशी लेगी। संसद का बजट सत्र 31 जनवरी से शुरू होना है। पिछले साल 13 दिसंबर को कुछ लोग संसद में घुस आए थे। उन्होंने सदन में रंगीन धुआं छोड़ा था। इसके मद्देनजर केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सुरक्षा की समीक्षा की थी। इसके बाद सीआईएसएफ तैनात करने की मंजूरी दी गई थी। सूत्रों के ने बताया कि सीआईएसएफ के कुल 140 जवानों ने सोमवार से ही संसद परिसर में मोर्चा संभाल लिया है। सीआईएसएफ संसद भवन की फायर सेफ्टी का काम भी देखेगी। सीआईएसएफ के सुरक्षाकर्मियों ने संसद सुरक्षा में पहले से मौजूद अन्य सुरक्षा एजेंसियों के साथ संसद परिसर का जायजा लिया, जिससे वे 31 जनवरी से बजट सत्र शुरू होने पर काम के लिए तैयार रहें। एक फरवरी को अंतरिम बजट पेश किया जाएगा।

'हुडा' में 70 करोड़ का घोटाला

# हरियाणा-पंजाब और हिमाचल में 18 जगह ईडी की छापेमारी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (हुडा) में कथित फर्जी रिफंड घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले की जांच के तहत मंगलवार को चंडीगढ़, मोहाली और पंचकूला में कई स्थानों और हिमाचल प्रदेश में एक स्थान पर छापेमारी की। सूत्रों ने कहा कि संघीय जांच एजेंसी के अधिकारियों ने इन शहरों में लगभग 18 परिसरों पर छापेमारी की है। हिमाचल प्रदेश के सोलन में भी एक स्थान पर छापेमारी की गई। सूत्रों ने बताया कि जांच धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत दर्ज ईडी के एक मामले से संबंधित है जो हुडा में कथित 70 करोड़ रुपये के फर्जी रिफंड घोटाले से जुड़ा है। बता दें कि हुडा को अब हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (एचएसवीपी) के नाम से जाना जाता है। हुडा के कम से कम छह अधिकारियों की भूमिका एजेंसी की जांच के दायरे में है।

**शिकंजा**

**2015 से 2019 के बीच हुआ फर्जीवाड़ा, हुडा के छह अधिकारियों की भूमिका जांच के दायरे में**

### गलत तरीके से पैसे रिफंड लिए गए

यह मामला हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण विभाग के भ्रष्टाचार से जुड़ा हुआ है। 2015 से 2019 तक गलत तरीके से पैसों की उगाही के मामले में करोड़ों के रिफंड घोटाले का मामला बताया जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक गलत तरीके से पैसे रिफंड लिए गए हैं। हरियाणा के कई रियल एस्टेट से जुड़ी कंपनी और अधिकारी मामले में रडार पर हैं। इस मामले के तार हिमाचल से भी जुड़े हैं। कई सरकारी अधिकारियों और कुछ सेवानिवृत्त अधिकारियों समेत प्राइवेट लोगों की लोकेशन पर ईडी की कार्रवाई जारी है।

### पंचकूला में यहां कार्रवाई

ईडी कई प्रॉपर्टी डीलरों के ठिकानों पर छापे मार रही है। पंचकूला के सेक्टर 20 सनसिटी परिक्रमा में ईडी की टीम पहुंची है।

## फिल्म 'टू किल अ टाइगर' ऑस्कर के लिए नामित

**नई दिल्ली(भाषा)।** भारत के एक छोटे से गांव की पृष्ठभूमि पर आधारित फिल्म 'टू किल अ टाइगर' को मंगलवार को ऑस्कर 2024 में सर्वश्रेष्ठ वृत्तचित्र फीचर के लिए नामित किया गया। दिल्ली में जन्मी निशा पाहुजा ने 'टू किल अ टाइगर' का निर्देशन किया है। टोरंटो की फिल्म निर्माता पाहुजा एमी पुरस्कार के लिए भी नामित हो चुकी हैं। इस फिल्म को 'टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल 2022' में प्रदर्शित किया गया था। इतना ही नहीं, इस फेस्टिवल में इसने सर्वश्रेष्ठ कनाडाई फीचर फिल्म के लिए 'एम्प्लीफाई वॉयस अवार्ड' भी अपने नाम किया था। इस फिल्म में रंजीत नाम के एक व्यक्ति की कहानी दिखाई गई थी जो अपनी 13 वर्षीय बेटी को न्याय दिलाने के लिए कठिन लड़ाई लड़ता है। उनकी बेटी का अपहरण कर लिया जाता है और बाद में तीन लोग उस पर यौन हमला करते हैं।'टू किल अ टाइगर' की आधिकारिक वेबसाइट के अनुसार, 'रंजीत पुलिस के पास जाता है और उन लोगों को गिरफ्तार कर लिया जाता है। लेकिन इसके बाद भी रंजीत की परेशानी कम नहीं होती, क्योंकि गांववाले और वहां के नेता उनके परिवार पर आरोप वापस लेने के लिए निरंतर दबाव बनाते हैं।'

# नारनौल की लाड़ली ने बढ़ाई प्रदेश की 'गरिमा'


**राष्ट्रपति मुर्मू ने किया सम्मानित | पीएम मोदी ने की बच्ची गरिमा से बात | गणतंत्र दिवस परेड में लेंगी भाग**

**मंडी अटेली/नारनौल(हरिभूमि न्यूज)।** गांव नावदी की 9 वर्षीय दृष्टिबाधित बेटी गरिमा ने प्रदेश की 'गरिमा' बढ़ा दी है। दरअसल, गरिमा को सामाजिक कार्यों के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सम्मानित किया है। गरिमा साक्षर पाठशाला की पहल से वंचित वर्ग के बच्चों को शिक्षित कर रही है। गरिमा पूरे हरियाणा से एकमात्र बालिका है, जिसका इस वर्ष राष्ट्रीय बाल पुरस्कार-2024 के लिए चयन हुआ है। अब तक वह 1000 से अधिक बच्चों से जुड़ चुकी है। मुर्मू हाथों राष्ट्रीय बाल पुरस्कार मिलने के बाद मंगलवार को गरिमा ने पीएम नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। इस दौरान मोदी व गरिमा के बीच बातचीत भी हुई। पीएम ने राष्ट्रीय बाल पुरस्कार प्राप्त करने वाले बच्चों को बधाई दी। *(पैकेज पेज-9 पर)*



### उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए सम्मान

प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार असाधारण योग्यताओं और उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए बच्चों को दिया जाता है। राष्ट्रीय स्तर के ये पुरस्कार 5 से 18 वर्ष के आयु वर्ग के बच्चों को बहादुरी, कला और संस्कृति, पर्यावरण, नवाचार, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, सामाजिक सेवा और खेल जैसी सात श्रेणियों में उनकी उत्कृष्टता के लिए दिए जाते हैं। ये बच्चे 26 जनवरी 2024 को गणतंत्र दिवस परेड में भी भाग लेंगे।

## पीएम ने पराक्रम दिवस पर भारत पर्व-2024 का किया उद्घाटन

# लाल किले से कहा- रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की ऊर्जा को पूरी दुनिया ने किया अनुभव

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस की मंगलवार को 127वीं जयंती पूरे देश में धूमधाम से मनाई गई। देश इसे पराक्रम दिवस के रूप में मनाता है। इस अवसर पर लाल किले में संस्कृति मंत्रालय नेताजी सुभाष चंद्र बोस को समर्पित पराक्रम दिवस का आयोजन किया। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत पर्व 2024 का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि अगले 9 दिनों में भारत पर्व में गणतंत्र दिवस की झांकियों, सांस्कृतिक कार्यक्रमों के द्वारा देश की विविधता का प्रदर्शन किया जाएगा। इस मौके पर पीएम ने कहा कि कल ही पूरी दुनिया भारत की सांस्कृतिक चेतना के एक ऐतिहासिक पड़ाव का साक्षी बना है। भव्य राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा की ऊर्जा को पूरे विश्व ने अनुभव किया है। उन्होंने आगे कहा कि सूर्य हो या समंदर की गहराई, हमारे लिए किसी भी रहस्य तक पहुंचना मुश्किल नहीं है। हम दुनिया की शीर्ष 3 आर्थिक ताकतों में से एक बन सकते हैं। हमारे पास विश्व की चुनौतियों का समाधान देने का सामर्थ्य है।

## 9 दिनों के भारत पर्व में देश की विविधता का किया जाएगा प्रदर्शन



### नेता जी ने भारत के लोकतांत्रिक अतीत को याद दिलाया

मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि ये नेताजी ही थे जिन्होंने पूरी ताकत से 'मदर ऑफ डेमोक्रेसी के रूप में भारत की पहचान को विश्व के सामने रखा। जब दुनिया में कुछ लोग भारत में लोकतंत्र के प्रति आशंकित थे, तब नेताजी ने उन्हें भारत के लोकतांत्रिक अतीत को याद दिलाया। नेताजी कहते थे कि लोकतंत्र, मानव संस्था है। नेताजी जानते थे कि गुलामी सिर्फ शासन की ही नहीं होती है, बल्कि विचार और व्यवहार की भी होती है। इसलिए उन्होंने विशेष रूप से तब की युवा पीढ़ी में इसको लेकर चेतना पैदा करने का प्रयास किया। नेताजी का जीवन और उनका योगदान, युवा भारत के लिए एक प्रेरणा है। हमने कर्तव्य पथ पर नेताजी की प्रतिमा को उचित स्थान दिया है। हमारा मकसद है- कर्तव्य पथ पर आने वाले हर देशवासी को नेताजी का कर्तव्य के प्रति समर्पण याद रहे।

### संविधान सदन में नेताजी को दी श्रद्धांजलि

दिल्ली के संविधान सदन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने नेताजी को श्रद्धांजलि दी गई। प्रधानमंत्री मोदी ने बोस को याद करते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा- आज नेताजी की जयंती पर हम उनके जीवन और साहस को याद करते हुए उनका सम्मान कर रहे हैं। हमारे देश की आजादी के प्रति उनका अटूट समर्पण प्रेरणा हमें देता है। राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने भी एक्स पर बोस को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने लिखा- पराक्रम दिवस के रूप में मनाई जा रही नेताजी की जयंती पर मैं अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करती हूं। नेताजी ने भारत की स्वतंत्रता के लक्ष्य के लिए असाधारण प्रतिबद्धता प्रदर्शित की थी। उनके अद्वितीय साहस और करिश्माई व्यक्तित्व ने भारतवासियों को औपनिवेशिक शासन के खिलाफ निडरता से लड़ने के लिए प्रेरित किया। उनके ओजस्वी व्यक्तित्व का हमारे स्वतंत्रता संग्राम पर गहरा प्रभाव पड़ा। हमारे देशवासी नेताजी को कृतज्ञतापूर्वक सदैव याद रखेंगे।



## पत्नी का गैर-सामंजस्यपूर्ण रवैया मानसिक क्रूरता : हाईकोर्ट

- पति के पक्ष में तलाक का आदेश दिया
- 16 साल साथ रहने के बाद अलग हो गए थे दोनों

**नई दिल्ली (भाषा)।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने पत्नी के 'तालमेल नहीं बैठाने के रवैये' के कारण मानसिक क्रूरता सहने पर पति के पक्ष में तलाक का आदेश दे दिया और कहा कि इस मामले में कुछ हासिल होने वाला नहीं है। न्यायमूर्ति सुरेश कुमार कैत की अध्यक्षता वाली पीठ ने मंगलवार को जारी फैसले में पति की याचिका पर तलाक से इनकार करने के एक कुटुम्ब अदालत के आदेश को रद्द कर दिया और उसकी अपील को स्वीकार करते हुए कहा, "जीवनसाथी के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करने वाला अनुचित और निंदनीय आचरण मानसिक क्रूरता हो सकती है।" दंपति का विवाह 2001 में हुआ था और 16 साल साथ रहने के बाद वे अलग हो गए थे। पति ने वकील रावी बीरबल के माध्यम से पत्नी पर क्रूरता का आरोप लगाया, वहीं पत्नी ने दावा किया कि पति और उसके परिवार ने दहेज मांगा था। पीठ में न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा भी शामिल रहीं। पीठ ने कहा कि दोनों पक्षों के बीच मनमुटाव, एक वैवाहिक रिश्ते में होने वाला आम मनमुटाव नहीं है बल्कि व्यापक रूप से देखा जाए तो ये पति के प्रति क्रूरता पूर्ण कृत्य हैं। अदालत ने यह भी कहा कि दोनों के बीच शादी के पहले 14 साल में यदि कोई कानूनी विवाद नहीं हुआ तो इसका मतलब यह नहीं है कि सब कुछ बहुत बढ़िया चल रहा था।

## रिश्वतखोरी के मामले में सात रेलवे कर्मियों के खिलाफ केस दर्ज

- तलाशी के बाद वरिष्ठ अभियंता को दो करोड़ रुपये की रिश्वतखोरी के मामले में किया था गिरफ्तार

**नई दिल्ली (भाषा)।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने उत्तर पूर्व सीमांत रेलवे में 2016 से 2023 तक की परियोजनाओं में 60 करोड़ रुपये की रिश्वतखोरी के एक मामले में रेलवे के सात कर्मचारियों और निजी कंपनी भरतिया इन्फ्रा प्रोजेक्ट्स लिमिटेड के खिलाफ मामला दर्ज किया है। अधिकारियों ने बताया कि सीबीआई ने उत्तर पूर्व सीमांत रेलवे के वरिष्ठ खंड अभियंता संतोष कुमार के परिसरों पर तलाशी के बाद उन्हें दो करोड़ रुपये की रिश्वतखोरी के एक मामले में गिरफ्तार किया था जिसके बाद यह मामला सामने आया। तलाशी के दौरान मिली सामग्री से पता चला कि भरतिया इन्फ्रा प्रोजेक्ट्स लिमिटेड ने कथित तौर पर रेलवे अधिकारियों को 60 करोड़ रुपये से ज्यादा की रिश्वत दी थी। उन्होंने कहा कि तलाशी के दौरान सीबीआई को कंपनी की परियोजनाओं से जुड़े उन अधिकारियों के नामों की सूची भी मिली जिन्होंने कथित रूप से 2016 से 2023 के बीच नकदी में और अपने परिजनों के बैंक खातों में रिश्वत प्राप्त की थी। अधिकारियों के अनुसार निजी कंपनी को उत्तर पूर्व सीमांत रेलवे से 2016-22 के दौरान छह बड़ी परियोजनाओं का ठेका मिला। अधिकारियों ने बताया कि सीबीआई ने प्राथमिकी में आरोपियों के तौर पर उप मुख्य अभियंता (निर्माण) रामपाल, तत्कालीन उप मुख्य अभियंताओं जितेंद्र झा और बीयू लस्कर तथा तत्कालीन वरिष्ठ अधीक्षण अभियंताओं रितुराज गोगोई, धीरज भागवत, मनोज सैकिया तथा मिथुन दास के साथ भरतिया इन्फ्रा प्रोजेक्ट्स लिमिटेड के नाम शामिल किए हैं।

## जम्मू-कश्मीर में घुसपैठ रोकना चुनौती : डीजीपी

**श्रीनगर (भाषा)।** जम्मू-कश्मीर के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) आर.आर. स्वैन ने मंगलवार को कहा कि सीमा पार से केंद्र शासित प्रदेश में घुसपैठ रोकना सुरक्षाबलों के लिए चुनौती बना हुआ है, लेकिन सुरक्षा स्थिति नियंत्रण में हैं। दक्षिण कश्मीर के पुलवामा जिले के अवंतीपोरा में आयोजित एक जन शिकायत निवारण कार्यक्रम से इतर स्वैन ने संवाददाताओं से कहा, "सुरक्षा स्थिति नियंत्रण में है। सुरक्षा का सबसे बड़ा पहलू कानून-व्यवस्था है। हमारा मानना है कि हम सड़कों आदि पर सार्वजनिक व्यवस्था को नियंत्रित करने में सक्षम हैं। डीजीपी ने कहा कि सीमा पार से घुसपैठ को रोकना सुरक्षा बलों के लिए चुनौती बना हुआ है।


**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना संख्या ETrU-T-12-2023-24-02 & ETrU-T-15-2023-24**

वरि. मंडल विद्युत अभियंता/क.वि./उत्तर रेलवे, अम्बाला छावनी द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यो के लिए ई-टेंडरिंग के माध्यम से निविदाये आमंत्रित करते है। इन निविदाओं को प्रत्येक कार्य के आगे दर्शाई गई तिथि को 15.00 बजे तक www.ireps.gov.in पर अपलोड किया जा सकता। इनको 15.00 बजे के उपरांत तत्काल खोला जायेगा।

| क्र. सं. | टेंडर संख्या | कार्य का विवरण | निविदा बंद/खुलने की तिथि | लगभग लागत | धरोहर राशि | कार्य पूरा करने की अवधि | वैधता अवधि | टेंडर फॉर्म की कीमत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ETrU-T-12-2023-24-02 | अंबाला मंडल में फीडिंग प्रणाली में सुधार के लिए ए एन एस बी टीएसएस से बी ए आर जे एसएसपी तक नए फीडर की व्यवस्था हेतु कार्य। | 14.02.2024 | Rs. 2,02,18,861.48/- | Rs. 2,51,100/- | 06 महीने | 45 दिन | Downloading through IREPS portal-NIL (Rs. 10,000/- Sr. DEE/ TRD/ UMB ऑफिस से हार्ड कॉपी के लिए) |
| 2 | ETrU-T-15-2023-24 | 25 केवी एसी 50 हर्ट्ज ओएचई का डिजाइन, आपूर्ति, परीक्षण और कमीशनिंग के संबंध में 1) कलानौर लाइन नंबर 4 पर यात्री ट्रेनों को निपटाने के लिए दोनो छोर पर टर्नआउट को 8.5 में 1 से 12 में 1 में बदलने और 2) एसआरई-यूएमबी सेक्शन पर एमएफबी स्टेशन पर मानक उच्च स्तरीय प्लेटफॉर्म के साथ मौजूदा निम्न स्तरीय प्लेटफॉर्म का उत्थान और विस्तार हेतु कार्य। | 14.02.2024 | Rs. 78,82,154.24/- | Rs. 1,57,700/- | 06 महीने | 45 दिन | Downloading through IREPS portal-NIL (Rs. 5,000/- Sr. DEE/ TRD/ UMB ऑफिस से हार्ड कॉपी के लिए) |

1. निविदाकार को सभी जरूरी योग्यता दस्तावेज एवं PAN/GSTIN की Scanned Copies IREPS पोर्टल पर अपलोड करनी है। 2) निविदाकार के पास ई-निविदा में भाग लेने के लिए क्लास- III Digital Signature Certificate होनी चाहिए। 3) कार्य में GST, BOCWW, Income Tax एवं नियमानुसार आवश्यक टैक्स लागू होंगे। 4) कार्य में सिमिलर नेचर कंडीशन लागू हैं एवं इस प्रकार है: क्र.सं. 1 में "Maintenance/ Repairs/ Rehabilitation/ Design, supply, erection, testing & commissioning of 50Hz, single phase 25 KV AC OHE" OR "Maintenance/ Repairs/ Rehabilitation/ Design, supply, erection, testing & commissioning of 50Hz, single phase 25 KV AC Traction sub-station/ Switching sub-stations." Or Maintenance/ Repairs/ Rehabilitation/ Design, supply, erection, testing & commissioning sub-stations or 132 kV or higher voltage 3-phase grid substation." & in क्र.सं. 2 में "Design, supply, erection, testing & commissioning of 50Hz, single phase 25 KV AC OHE" 5) टेंडर डॉक्यूमेंट एवं निविदा सूचना की विस्तृत जानकारी के लिए रेलवे वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जाये।

सख्या: ETrU-T-12-2023-24-02 & ETrU-T-15-2023-24 दिनांक : 23.01.2024 258/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जिला निर्वाचन कार्यालय फतेहाबाद | निर्वाचन 2024 फतेहाबाद में सामग्री और लेखन सामग्री (पुनः निविदा)। | 19.01.2024 29.01.2024 | 10 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01667-230146 elt_ftb@yahoo.in |
| 2 | पंचायती राज हिसार | हिसार, ब्लॉक आदमपुर, 5 अदद गांवों में फिरनी पर एलईडी स्ट्रीट लाइट की स्थापना, 1. सदरपुर, 2. सिसवाल, 3. चुली बागड़ियान, 4. काबरेज, 5 आदमपुर + 8 कार्य। | 17.01.2024 06.02.2024 | 426.55 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466629211 prexeeng.hsr@hry.nic.in |
| 3 | पंचायती राज मोरनी, पंचकूला | एचजीवीवाई गांव खानगुआ पिलानी थारकोटि जीपी खोटि ब्लॉक मोरनी में गली का निर्माण + 2 कार्य। | 19.01.2024 25.01.2024 | 21.76 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416055244 dharambirsai@gmail.com |
| 4 | पंचायती राज चरखी दादरी | गांव चरखी, ब्लॉक व जिला चरखी दादरी में चौपाल (तकड़ीवाली) में चारदिवारी और अन्य छोटे-मोटे कार्यों का निर्माण। | 16.01.2024 25.01.2024 | 15.02 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416479223 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 5 | पंचायती राज फरीदाबाद | जिला फरीदाबाद के 15 गांवों में फिरनियों में नये पोल्स की स्थापना और मौजूदा इलैक्ट्रिसिटी पोल्स पर एलईडी स्ट्रीट लाइट की स्थापना, फिटिंग, परीक्षण और कमीशनिंग। | 19.01.2024 29.01.2024 | 101.97 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0129-4313645 prexeeng.fbd@hry.nic.in |
| 6 | पंचायती राज फरीदाबाद | जिला फरीदाबाद डीपी ब्लॉक बल्लभगढ़ गांव छेंसा में कमरियां मौहल्ला चौपाल का निर्माण + 4 कार्य। | 19.01.2024 25.01.2024 | 59.84 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0129-4313645 prexeeng.fbd@hry.nic.in |
| 7 | लोनिवि भ व प नरवाना | जिला जीन्द, गांव धुमेरखां कलां में हैल्थ वेलनेस सेंटर (एचडब्ल्यूसी-एसएचसी) का निर्माण। | 20.01.2024 08.02.2024 | 40.36 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9053114455 pwd-eepd-narwana@hry.nic.in |
| 8 | पंचायती राज फरीदाबाद | जिला फरीदाबाद, गांव भुआपुर, ब्लॉक तिगांव के कब्रिस्तान की चारदिवारी का निर्माण + 1 कार्य। | 19.01.2024 25.01.2024 | 15.36 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0129-4313645 prexeeng.fbd@hry.nic.in |
| 9 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, रोहतक | मातनहेल पाइप लिंक ड्रेन के आउटफॉलिंग आरडी 5500 और आरडी 0 से 12100 तक मातनहेल पाइप लाइन लिंक ड्रेन (अंडरग्राउंड एचडीपीई पाइप लाइन के माध्यम से) का निर्माण। | बंद होने की तिथि 30.01.2024 | 103.67 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896410404 xenfdrrtk@gmail.com |
| 10 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, रोहतक | पम्प हाउस जेएफ-II पर रेम्प स्लोप पर नाली में डी.आई. पाइप बिछाना + 1 कार्य। | बंद होने की तिथि 29.01.2024 | 6.72 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896410404 xenfdrrtk@gmail.com |
| 11 | पंचायती राज चरखी दादरी | गांव बोंद खुर्द में गोशाला (मॉडल स्कूल के निकट) में शैड का निर्माण। | 18.01.2024 25.01.2024 | 4.40 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416479223 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 12 | पंचायती राज बाढड़ा चरखी दादरी | गांव रनिला, ब्लॉक बोंद कलां में गोशाला में (सिंचाई नहर और पीडब्ल्यूडी पिलाना रोड के निकट) टीन शैड का निर्माण। | 18.01.2024 25.01.2024 | 9.07 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416479223 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 13 | पंचायती राज कुरुक्षेत्र | जिला कुरुक्षेत्र के विभिन्न गांवों में मौजूदा इलैक्ट्रिक्स पोल पर एलईडी स्ट्रीट लाइट की स्थापना। | 15.01.2024 06.02.2024 | 164 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896224357 prexeeng.krk@hry.nic.in |
| 14 | पंचायती राज अम्बाला | वीएएनजीवाई गांव बाड़ा, ब्लॉक अम्बाला-1 रविकांत के मकान से मेन रोड और गुगाहाड़ी से जिले सिंह के मकान तक नाले का निर्माण + 4 कार्य। | 19.01.2024 25.01.2024 | 75.77 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2551368 prexeeng.amb@hry.nic.in |
| 15 | पंचायती राज भिवानी | गांव ढाणा नरसेन, ब्लॉक भिवानी एसएफसी योजना के तहत राजपूत चौपाल को पूरा करना। | 22.01.2024 29.01.2024 | 4.08 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416087780 sdoprbhiwani@gmail.com |
| 16 | पंचायती राज पानीपत | जिला पानीपत में 30 अदद गांवों की फिरनी में 1429 अदद स्ट्रीट लाइट्स के प्रावधान हेतु लाइट आकलन। | 18.01.2024 08.02.2024 | 251.01 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9812482004 prexeeng.pnp@hry.nic.in |
| 17 | लोनिवि भ व प करनाल | जिला सोनीपत खरखौदा के लघु सचिवालय में एसडीओ सिविल कॉम्पलैक्स का निर्माण (शेष ईआई कार्य का प्रावधान)। | 23.01.2024 29.01.2024 | 8.44 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1842265696 pwd-eeed-karnal@hry.nic.in |
| 18 | पंचायती राज करनाल | गांव मोर माजरा, ब्लॉक मुनक, जिला करनाल में आर्य कन्या गुरुकुल के निकट पंचायत भूमि पर चारदिवारी का निर्माण + 1 कार्य। | 19.01.2024 03.02.2024 | 35.18 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1842265696 pwd-eeed-karnal@hry.nic.in |
| 19 | पंचायती राज खरखौदा सोनीपत | गांव थाना खुर्द ब्लॉक खरखौदा पीएस में नाले का निर्माण + 7 कार्य। | 19.01.2024 25.01.2024 | 69.58 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9818043960 vpnaman2011@gmail.com |
| 20 | पंचायती राज, पंचकूला | गांव हरिपुर, ब्लॉक रायपुर रानी, जिला पंचकूला वीएएनजीवाई योजना के तहत अम्बेडकर भवन का निर्माण + 1 कार्य। | 19.01.2024 25.01.2024 | 13.34 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467807024 prexeeng.pkl@hry.nic.in |
| 21 | पंचायती राज नागपुर, फतेहाबाद | खैरपुर - (गांव खैरपुर, ब्लॉक नागपुर, जिला फतेहाबाद में शौचालय ब्लॉक का निर्माण)। | 22.01.2024 29.01.2024 | 2.15 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9315405500 sdoprnagpur@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

पीआरडीएच-11/2024/420/24411/I/88/6 दि. 23.01.24



**AXIS BANK LTD.**

**स्वर्ण आभूषणों के रूप में गिरवीकृत परिसम्पत्तियों की ई-नीलामी हेतु सार्वजनिक सूचना**

कर्जदारों को विशेषतः और आमजन को सामान्यतः एतद द्वारा अधिसूचित किया जाता है कि नीचे अकाउंट्स में गिरवी स्वर्ण आभूषणों की सार्वजनिक नीलामी नीचे वर्णित शाखा में ऐक्सिस बैंक द्वारा आयोजित की जानी प्रस्तावित है। नीचे वर्णित कर्जदारों ने प्रतिभूति के तहत बैंक के पक्ष में स्वर्ण आभूषणों की गिरवी ("स्वर्ण ऋण सुविधा") के तहत ऐक्सिस बैंक लिमिटेड से क्रेडिट सुविधा का लाभ प्राप्त किया। प्राप्त की गई स्वर्ण ऋण सुविधा के तहत उनकी बकाया राशि का भुगतान करने के लिये कर्जदारों /गारंटरों का आह्वान करते हुये कर्जदारों / गारंटरों को डिमांड नोटिस जारी किये गये थे। चूंकि कर्जदारों/गारंटरों द्वारा बकाया ऋण राशि का पुनर्भुगतान करने में विफल रहने पर, बैंक गिरवी का अवलम्ब लेने के लिये और यहां नीचे सम्पत्ति की अनुसूची में विशेषतः वर्णित गिरवीकृत स्वर्ण आभूषणों की एक ई-नीलामी बिक्री 03.02.2024 **को अप. 12.30 बजे से अप. 3.30 बजे तक** "जैसा है जहां है", "जैसा है जो है", "जो भी है वहां है" और "अवलम्ब नहीं आधार" पर आयोजित करना प्रस्तावित करने के लिये बाध्य है।

**कर्जदारों और बकाया राशि का विवरण**

| क्र. सं. | ग्राहक का नाम | ऋण अकाउंट नं. | बकाया राशि (रु. में) | वापसी सूचना की तिथि | कुल वजन | शुद्ध वजन |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | **शाखा कार्यालय : आदमपुर हिसार एडीए एचआर** | | | | | |
| 1 | अमित कुमार | XXXXXXXXXXX6172 | Rs. 92,700.00 | 10-10-2023 | 36.100 | 27.000 |
| 2 | राजमल सिंह | XXXXXXXXXXX0402 | Rs. 271,740.00 | 20-11-2023 | 71.800 | 65.000 |
| | **शाखा कार्यालय : अम्बाला सिटी [ एचआर ]** | | | | | |
| 3 | सरिता रानी | XXXXXXXXXXX4203 | Rs. 77,250.00 | 25-10-2023 | 21.400 | 18.300 |
| 4 | सुशील कुमार | XXXXXXXXXXX0213 | Rs. 78,400.00 | 02-11-2023 | 22.000 | 20.900 |
| 5 | नरेन्द्र | XXXXXXXXXXX1136 | Rs. 857,414.00 | 20-11-2023 | 214.600 | 213.400 |
| | **शाखा कार्यालय : बल्लभगढ़ [ एचआर ]** | | | | | |
| 6 | रमेश गुप्ता | XXXXXXXXXXX4516 | Rs. 29,772.27 | 09-11-2023 | 8.780 | 8.440 |
| 7 | मुकेश कुमार तेवतिया | XXXXXXXXXXX6709 | Rs. 372,131.86 | 25-10-2023 | 263.400 | 230.050 |
| | **शाखा कार्यालय : बराड़ा सी0547 एचआर** | | | | | |
| 8 | साहिल | XXXXXXXXXXX8169 | Rs. 32,844.00 | 10-10-2023 | 10.670 | 8.960 |
| 9 | हरिन्दर सिंह | XXXXXXXXXXX8709 | Rs. 41,988.00 | 10-10-2023 | 11.280 | 10.470 |
| 10 | सागर | XXXXXXXXXXX5569 | Rs. 66,517.00 | 10-10-2023 | 20.440 | 18.440 |
| 11 | अमन कुमार | XXXXXXXXXXX2340 | Rs. 87,824.00 | 10-10-2023 | 20.740 | 20.240 |
| | **शाखा कार्यालय : बरवाला, बीएडब्ल्यू एचआर** | | | | | |
| 12 | ईश्वर सिंह | XXXXXXXXXXX3044 | Rs. 48,600.00 | 20-11-2023 | 14.100 | 13.420 |
| | **शाखा कार्यालय : भटोड़, पीकेएल एचआर** | | | | | |
| 13 | सर्वजीत सिंह | XXXXXXXXXXX6176 | Rs. 186,722.10 | 30-05-2023 | 50.270 | 50.000 |
| | **शाखा कार्यालय : भिवानी [ एचआर ]** | | | | | |
| 14 | मनीष | XXXXXXXXXXX9535 | Rs. 71,343.00 | 29-09-2023 | 23.000 | 21.500 |
| | **शाखा कार्यालय : बीर पिपली केयूआरयू एचआर** | | | | | |
| 15 | अरूण तंवर | XXXXXXXXXXX9165 | Rs. 373,677.84 | 25-08-2023 | 113.300 | 110.550 |
| 16 | अरूण तंवर | XXXXXXXXXXX6309 | Rs. 1,066,221.00 | 25-08-2023 | 293.800 | 282.720 |
| | **शाखा कार्यालय : चीका [ एचआर ]** | | | | | |
| 17 | संजू | XXXXXXXXXXX4491 | Rs. 115,456.00 | 29-09-2023 | 34.600 | 34.100 |
| | **शाखा कार्यालय : गन्नौर सी1864 एचआर** | | | | | |
| 18 | प्रदीप कुमार | XXXXXXXXXXX3313 | Rs. 62,559.00 | 25-10-2023 | 31.000 | 24.000 |
| | **शाखा कार्यालय : घरौंड़ा केएआरएन एचआर** | | | | | |
| 19 | राकेश कुमार | XXXXXXXXXXX9946 | Rs. 83,245.00 | 20-11-2023 | 28.900 | 24.300 |
| | **शाखा कार्यालय : गोहाना एचआर** | | | | | |
| 20 | ज्योति ज्योति | XXXXXXXXXXX4819 | Rs. 79,261.00 | 29-09-2023 | 23.700 | 20.000 |
| | **शाखा कार्यालय : हिसार [ एचआर ]** | | | | | |
| 21 | तिलक राज शास्त्री | XXXXXXXXXXX7933 | Rs. 205,388.00 | 28-07-2023 | 61.100 | 60.000 |
| | **शाखा कार्यालय : जससिंह पुरा केएआरएन एचआर** | | | | | |
| 22 | जितेन्द्र सिंह | XXXXXXXXXXX5034 | Rs. 120,000.00 | 10-10-2023 | 42.030 | 38.900 |
| | **शाखा कार्यालय : झज्जर [ एचआर ]** | | | | | |
| 23 | अमित | XXXXXXXXXXX9770 | Rs. 78,421.00 | 29-09-2023 | 21.700 | 21.100 |
| 24 | संजय यादव | XXXXXXXXXXX2681 | Rs. 272,896.00 | 29-09-2023 | 77.200 | 75.000 |
| | **शाखा कार्यालय : जीन्द [ एचआर ]** | | | | | |
| 25 | अमन | XXXXXXXXXXX3040 | Rs. 33,806.00 | 25-08-2023 | 9.100 | 9.000 |
| 26 | विक्की | XXXXXXXXXXX1845 | Rs. 210,577.00 | 30-05-2023 | 59.400 | 57.400 |
| | **शाखा कार्यालय : कलपी, अम्बाला [ एचआर ]** | | | | | |
| 27 | कुशल शर्मा | XXXXXXXXXXX7074 | Rs. 83,553.00 | 30-05-2023 | 19.500 | 19.300 |
| | **शाखा कार्यालय : कुरुक्षेत्र [ एचआर ]** | | | | | |
| 28 | मनप्रीत कौर | XXXXXXXXXXX5610 | Rs. 51,935.00 | 30-05-2023 | 16.400 | 15.300 |
| 29 | रूद्र प्रताप सिंह | XXXXXXXXXXX6397 | Rs. 128,036.00 | 30-09-2023 | 38.000 | 33.300 |
| | **शाखा कार्यालय : कुरुक्षेत्र पिपली रोड** | | | | | |
| 30 | बलबीर सिंह | XXXXXXXXXXX3047 | Rs. 43,628.00 | 09-11-2023 | 12.180 | 11.680 |
| | **शाखा कार्यालय : लाडवा एलएडी एचआर** | | | | | |
| 31 | प्रवीन कुमार | XXXXXXXXXXX2111 | Rs. 96,915.00 | 25-08-2022 | 21.160 | 21.060 |
| | **शाखा कार्यालय : मघरपुरा एएमबी एचआर** | | | | | |
| 32 | बिल्ला राम | XXXXXXXXXXX0105 | Rs. 48,207.13 | 29-09-2023 | 12.000 | 11.800 |
| | **शाखा कार्यालय :** | | | | | |
| 33 | सतीश कुमार | XXXXXXXXXXX1297 | Rs. 34,190.00 | 10-10-2023 | 8.090 | 7.800 |
| | **शाखा कार्यालय : महेन्द्रगढ़** | | | | | |
| 34 | सतीश कुमार | XXXXXXXXXXX1297 | Rs. 34,190.00 | 10-10-2023 | 8.090 | 7.800 |
| 35 | मुकुल रतवाया | XXXXXXXXXXX2781 | Rs. 111,562.00 | 10-10-2023 | 38.400 | 37.500 |
| | **शाखा कार्यालय : मंडी डबवाली एसएसए एचआर** | | | | | |
| 36 | प्रेम कुमार | XXXXXXXXXXX0159 | Rs. 137,209.00 | 10-10-2023 | 38.200 | 36.500 |
| | **शाखा कार्यालय : मानेसर [ एचआर ]** | | | | | |
| 37 | मोनू कुमार | XXXXXXXXXXX5643 | Rs. 26,778.60 | 25-08-2023 | 13.000 | 12.700 |
| 38 | रवि कुमार सिंह | XXXXXXXXXXX5623 | Rs. 51,502.38 | 30-05-2023 | 16.700 | 16.400 |
| | **शाखा कार्यालय : मटक माजरी केएआरएन एचआर** | | | | | |
| 39 | राजेश कुमार | XXXXXXXXXXX0780 | Rs. 46,147.00 | 29-09-2023 | 13.780 | 13.610 |
| 40 | राजबीर पुत्र बाबू राम | XXXXXXXXXXX8942 | Rs. 73,017.00 | 25-08-2023 | 18.800 | 18.750 |
| | **शाखा कार्यालय : मॉडल टाउन पानीपत पीपीटी एचआर** | | | | | |
| 41 | कपिल | XXXXXXXXXXX0536 | Rs. 36,637.00 | 30-05-2023 | 8.600 | 8.200 |
| | **शाखा कार्यालय : नारायणगढ़ एचआर** | | | | | |
| 42 | साहिल कलेर | XXXXXXXXXXX8818 | Rs. 141,992.00 | 10-10-2023 | 35.410 | 34.940 |
| | **शाखा कार्यालय : नारनौल [ एचआर ]** | | | | | |
| 43 | प्रवीन | XXXXXXXXXXX1551 | Rs. 47,850.00 | 29-09-2023 | 13.700 | 12.700 |
| 44 | रेखा | XXXXXXXXXXX4389 | Rs. 64,393.00 | 30-05-2023 | 16.600 | 15.200 |
| 45 | सत्यवीर | XXXXXXXXXXX2071 | Rs. 64,906.04 | 25-08-2023 | 20.600 | 19.500 |
| 46 | बिरेन्द्र यादव | XXXXXXXXXXX6997 | Rs. 405,186.00 | 06-08-2022 | 112.800 | 103.400 |
| 47 | जावेद | XXXXXXXXXXX8775 | Rs. 128,132.00 | 20-11-2023 | 42.100 | 41.900 |
| | **शाखा कार्यालय : पलवल [ एचआर ]** | | | | | |
| 48 | नरेन्द्र नाथ | XXXXXXXXXXX7064 | Rs. 29,427.00 | 25-10-2023 | 9.900 | 8.400 |
| 49 | सतवीर | XXXXXXXXXXX8146 | Rs. 33,454.32 | 20-11-2023 | 10.300 | 9.500 |
| 50 | चित्रा देवी | XXXXXXXXXXX5497 | Rs. 52,983.00 | 09-11-2023 | 15.300 | 14.800 |
| 51 | चित्रा देवी | XXXXXXXXXXX0462 | Rs. 53,692.00 | 09-11-2023 | 16.100 | 15.200 |
| 52 | भगत सिंह | XXXXXXXXXXX3567 | Rs. 68,169.00 | 30-05-2023 | 23.200 | 22.000 |
| 53 | रामकिशोर | XXXXXXXXXXX1972 | Rs. 88,190.00 | 10-10-2023 | 30.600 | 27.100 |
| 54 | हंस चेची | XXXXXXXXXXX5784 | Rs. 107,325.00 | 10-10-2023 | 33.300 | 31.400 |
| 55 | साहिल | XXXXXXXXXXX4897 | Rs. 291,496.51 | 09-11-2023 | 126.100 | 98.400 |
| | **शाखा कार्यालय : पंचकूला [ एचआर ]** | | | | | |
| 56 | गुरबिन्दर सिंह | XXXXXXXXXXX5895 | Rs. 57,063.72 | 09-11-2023 | 20.000 | 19.000 |
| | **शाखा कार्यालय : पैराडाइज मॉल एसजीयूआर एचआर** | | | | | |
| 57 | राधेश्याम सेन | XXXXXXXXXXX1583 | Rs. 36,770.00 | 09-11-2023 | 9.800 | 9.400 |
| 58 | परविन्दर | XXXXXXXXXXX7886 | Rs. 58,700.00 | 20-10-2023 | 16.400 | 16.000 |
| | **शाखा कार्यालय : पट्टी अफगान केआईटी एचआर** | | | | | |
| 59 | रमेश कुमार | XXXXXXXXXXX3654 | Rs. 47,856.00 | 30-05-2023 | 11.600 | 11.400 |
| | **शाखा कार्यालय : पिहोवा पीईएच एचआर** | | | | | |
| 60 | अंग्रेज सिंह | XXXXXXXXXXX6924 | Rs. 146,289.00 | 29-09-2023 | 52.130 | 48.230 |
| | **शाखा कार्यालय : पिंजौर पीआईएनजे एचआर** | | | | | |
| 61 | अभिषेक वालिया | XXXXXXXXXXX3683 | Rs. 243,749.00 | 20-04-2023 | 56.970 | 55.970 |
| | **शाखा कार्यालय : रतिया [ एचआर ]** | | | | | |
| 62 | लवप्रीत | XXXXXXXXXXX8628 | Rs. 89,463.99 | 29-09-2023 | 29.400 | 28.300 |
| 63 | मनजेन्दर सिंह | XXXXXXXXXXX4157 | Rs. 202,817.00 | 10-10-2023 | 65.400 | 63.700 |
| 64 | सौरव रत्तोल | XXXXXXXXXXX2720 | Rs. 302,221.00 | 10-10-2023 | 81.800 | 80.500 |
| | **शाखा कार्यालय : रोहतक [ एचआर ]** | | | | | |
| 65 | संजीव कुमार | XXXXXXXXXXX7318 | Rs. 66,147.00 | 29-09-2023 | 19.900 | 17.900 |
| 66 | सोमबीर | XXXXXXXXXXX5319 | Rs. 215,108.00 | 20-11-2023 | 59.600 | 58.700 |
| | **शाखा कार्यालय : रोहतक हुडा कॉम्पलैक्स आरओएच एचआर** | | | | | |
| 67 | विकास | XXXXXXXXXXX5899 | Rs. 48,189.00 | 20-11-2023 | 12.880 | 12.320 |
| 68 | मीना | XXXXXXXXXXX1589 | Rs. 355,266.00 | 10-10-2023 | 98.870 | 94.220 |
| | **शाखा कार्यालय : समालखा एचआर** | | | | | |
| 69 | राजेन्द्र कुमार | XXXXXXXXXXX0821 | Rs. 208,866.00 | 08-03-2023 | 54.660 | 50.500 |
| 70 | दीपक मलिक | XXXXXXXXXXX8672 | Rs. 211,407.98 | 08-02-2023 | 49.840 | 48.000 |
| | **शाखा कार्यालय : सरस्वती खेड़ा केयूआरयू एचआर** | | | | | |
| 71 | सतविन्दर कौर | XXXXXXXXXXX5651 | Rs. 673,600.00 | 20-11-2023 | 183.300 | 175.900 |
| | **शाखा कार्यालय : शाहबाद सी4718 एचआर** | | | | | |
| 72 | प्रीति | XXXXXXXXXXX8194 | Rs. 55,942.00 | 25-08-2023 | 15.250 | 14.800 |
| 73 | साहब अली | XXXXXXXXXXX7269 | Rs. 113,922.00 | 30-05-2023 | 32.620 | 32.000 |
| 74 | प्रीति | XXXXXXXXXXX7480 | Rs. 130,710.00 | 10-10-2023 | 32.570 | 31.410 |
| 75 | प्रीति | XXXXXXXXXXX7480 | Rs. 130,710.00 | 10-10-2023 | 32.570 | 31.410 |
| | **शाखा कार्यालय : सिरसा [ एचआर ]** | | | | | |
| 76 | संजय कुमार | XXXXXXXXXXX2112 | Rs. 30,302.00 | 29-09-2023 | 10.000 | 9.500 |
| 77 | रोशनी | XXXXXXXXXXX1235 | Rs. 42,676.00 | 29-09-2023 | 10.900 | 10.500 |
| 78 | सूरज नाथ | XXXXXXXXXXX1249 | Rs. 54,462.00 | 10-10-2023 | 13.700 | 13.200 |
| 79 | सुखा राम | XXXXXXXXXXX1694 | Rs. 82,321.00 | 30-05-2023 | 23.300 | 22.100 |
| 80 | लाभ सिंह | XXXXXXXXXXX3994 | Rs. 129,271.00 | 30-05-2023 | 30.100 | 28.700 |
| | **शाखा कार्यालय : सोनीपत [ एचआर ]** | | | | | |
| 81 | रजत कुमार लोहचब | XXXXXXXXXXX0787 | Rs. 40,150.00 | 29-09-2023 | 10.300 | 10.000 |
| 82 | अमित सूरी | XXXXXXXXXXX5604 | Rs. 51,007.00 | 30-05-2023 | 16.600 | 16.000 |
| | **शाखा कार्यालय : तरावड़ी एचआर** | | | | | |
| 83 | पुष्पा | XXXXXXXXXXX6151 | Rs. 51,532.00 | 29-09-2023 | 14.590 | 14.300 |
| | **शाखा कार्यालय : तियोंथा केआईटी एचआर** | | | | | |
| 84 | दिदार सिंह | XXXXXXXXXXX0715 | Rs. 270,934.00 | 20-11-2023 | 70.300 | 69.300 |
| | **शाखा कार्यालय : टिब्बी माजरा पीकेएल एचआर** | | | | | |
| 85 | अंजू चौहान | XXXXXXXXXXX7811 | Rs. 56,139.00 | 30-05-2023 | 15.970 | 15.700 |
| 86 | प्रदीप कुमार | XXXXXXXXXXX0287 | Rs. 91,000.00 | 05-12-2023 | 28.320 | 27.620 |
| | **शाखा कार्यालय : टोहाना [ एचआर ]** | | | | | |
| 87 | हरमीत सिंह | XXXXXXXXXXX1352 | Rs. 49,297.00 | 30-05-2023 | 14.530 | 14.530 |
| | **शाखा कार्यालय : तोशाम सी5383 एचआर** | | | | | |
| 88 | दलबीर सिंह | XXXXXXXXXXX1767 | Rs. 188,278.00 | 10-10-2023 | 47.450 | 47.020 |
| 89 | विकास कुमार | XXXXXXXXXXX9505 | Rs. 192,865.00 | 10-10-2023 | 45.190 | 45.040 |
| 90 | विकास कुमार | XXXXXXXXXXX6918 | Rs. 474,797.00 | 10-10-2023 | 115.260 | 114.110 |
| | **शाखा कार्यालय : उचाना जेआईएन एचआर** | | | | | |
| 91 | नीलम | XXXXXXXXXXX2048 | Rs. 57,081.00 | 25-08-2023 | 16.220 | 15.800 |
| 92 | नरेश | XXXXXXXXXXX7327 | Rs. 69,922.09 | 20-04-2023 | 18.680 | 18.080 |
| | **शाखा कार्यालय : यमुनानगर [ एचआर ]** | | | | | |
| 93 | प्रबसरजीत सिंह | XXXXXXXXXXX6585 | Rs. 122,482.00 | 20-11-2023 | 34.400 | 32.900 |
| 94 | विनोद कुमार | XXXXXXXXXXX1247 | Rs. 129,090.00 | 29-09-2023 | 37.300 | 35.400 |

ऐक्सिस बैंक लि. कोई पूर्व सूचना दिये बिना अकाउंट को हटाने / नीलामी तिथि परिवर्तित करने का अधिकार रखता है। नीलामी **अप. 12.30 बजे से अप. 3.30 बजे** के बीच ऑनलाइन **HTTPS://GOLD.SAMIL.IN** आयोजित की जाएगी।

विस्तृत नियम व शर्तों हेतु, कृपया दी गई वेबसाइट **HTTPS://GOLD.SAMIL.IN** को लॉग इन करें।

स्थान : दिल्ली, — हस्ता/- प्राधिकृत अधिकारी,
दिनांक : 24.01.2024 — ऐक्सिस बैंक लि.

## खबर संक्षेप



### भारत इनोवेटिव ग्लास करेगी तमिलनाडु में 1003 करोड़ निवेश

**चेन्नई।** अमेरिका स्थित भारत इनोवेटिव ग्लास टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड ने तमिलनाडु में 1,003 करोड़ रुपये की लागत से एक नई सुविधा स्थापित करने की योजना बनाई है। मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन की मौजूदगी में कंपनी ने मंगलवार को इस संबंध में तमिलनाडु सरकार के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। भारत इनोवेटिव ग्लास टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड (बीआईजी टेक) ऑप्टिमस इन्फ्राकॉम लिमिटेड और कॉर्निंग इंटरनेशनल कॉरपोरेशन के बीच एक संयुक्त उद्यम है।

### मलेशिया एयरलाइंस की भारत में विस्तार की योजना

**नई दिल्ली।** मलेशिया एयरलाइंस जल्द ही एक भारतीय वाहक के एक 'कोडशेयर' साझेदारी करेगी और साथ ही देश में पूर्वोत्तर तथा दक्षिणी गंतव्यों तक अपने परिचालन का विस्तार करेगी। मलेशिया एविएशन ग्रुप के समूह प्रबंध निदेशक कैप्टन इज़हाम इस्माइल ने बातचीत में कहा, ''भारत हमारे लिए एक महत्वपूर्ण बाजार है और हम एक देश के रूप में भारत की सफलता की गाथा का हिस्सा बनना चाहते हैं।'' मलेशिया एयरलाइंस नौ भारतीय शहरों के लिए कुल 69 साप्ताहिक उड़ानें संचालित करती है।

### सोना 100 रुपए चढ़ा चांदी 200 रुपए मजबूत

**नई दिल्ली।** वैश्विक स्तर पर बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में तेजी के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में मंगलवार को सोने का भाव 100 रुपये की बढ़त के साथ 63,250 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 63,150 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 200 रुपये की मजबूती के साथ 75,700 रुपये प्रति किलोग्राम हो गयी। इससे पूर्व यह 75,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

### भारतीय कंपनियों को 5,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था का लक्ष्य पाने का भरोसाः सर्वे

**नई दिल्ली।** भारतीय कंपनियों को 5,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था का लक्ष्य हासिल करने का भरोसा है। डेलॉयट टच तोहमात्सू इंडिया एलएलपी के बजट से पहले किए गए एक सर्वेक्षण में यह बात सामने आई है। भारतीय उद्योग जगत ने कहा कि बुनियादी ढांचे में निवेश, अतिरिक्त सुधार और उन्नत प्रौद्योगिकियों को अपनाने के लिए केंद्र सरकार से मिल रहे समर्थन के बल पर उन्हें यह भरोसा है। डेलॉयट ने बयान में कहा कि कारोबारी हस्तियों को अगले वित्त वर्ष में मजबूत आर्थिक वृद्धि की उम्मीद है और लगभग 50 प्रतिशत को भरोसा है कि देश वित्त वर्ष 2024-25 में 6.5 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर्ज करेगा।

### मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने 'अबुआ आवास योजना' अन्तर्गत स्वीकृति पत्र बांटे

**रांची।** अबुआ आवास योजना के तहत प्रथम चरण में खूंटी और सिमडेगा के लाभार्थियों को मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन द्वारा स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि 'झारखण्ड के आदिवासी मूलवासी और जरूरतमंद लोग बढ़ रहे हैं। बिहार राज्य से अलग होने के बाद झारखण्ड का यह पहला कदम है, जब सरकार लोगों को मान-सम्मान और अधिकार के साथ जीवन यापन कर सकने की दिशा में आगे बढ़ रही है। इस कड़ी में राज्य सरकार की अबुआ आवास योजना का शुभारम्भ यहां से हो रहा है। आज यहां आबुआ आवास योजना के तहत लोगों को योजना का लाभ दिया जा रहा है। पूर्व में भी आपके बीच आकर आपको सरकार की योजनाओं से अवगत कराया गया। अलग अलग समय पर पदाधिकारियों ने आपके द्वार जाकर आपकी समस्याओं के समाधान का प्रयास किया है।'

# सरकार ने सोने-चांदी के आयात पर ड्यूटी बढ़ाकर 15 फीसदी की, कीमतों पर होगा असर

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

वित्त मंत्रालय ने बजट से पहले ही सोने और चांदी के ऊपर बड़ा फैसला ले लिया है। वित्त मंत्रालय ने सोने और चांदी के ऊपर लगने वाली आयात ड्यूटी बढ़ा दी है और इसको 12.50 फीसदी से बढ़ाकर 15 फीसदी कर दिया है। इसके अलावा कीमती मेटल्स के सिक्कों के ऊपर भी कस्टम ड्यूटी में इजाफा कर दिया है। सोने और चांदी से जुड़े छोटे कंपोनेंट्स और प्रीशियस मेटल कैटालिस्ट या कीमती मेटल्स के सिक्कों के ऊपर आयात ड्यूटी में ये बदलाव देखा गया है। सोने-चांदी के आयात ड्यूटी अब बदलकर 15 फीसदी कर दी गई है जिसमें 10 फीसदी बेसिक कस्टम ड्यूटी होगी और 5 फीसदी एग्रीकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट सेस (एआईडीसी) शामिल हैं। हालांकि इस पर लगने वाले सोशल वेलफेयर सेस (एसडब्ल्यूएस) में कोई इजाफा नहीं किया गया है।

- वित्त मंत्रालय ने कीमती मेटल्स के सिक्कों के ऊपर भी कस्टम ड्यूटी में किया इजाफा

### सरकार ने क्यों लिया फैसला

केंद्र सरकार ने ये फैसला इसलिए लिया है क्योंकि सोने-चांदी के रॉ आयात और गोल्ड-सिल्वर के कंपोनेंट्स पर लगने वाली इंपोर्ट ड्यूटी में संतुलन नहीं था और इसका इस्तेमाल सही से नहीं हो पा रहा था। अब इस आयात ड्यूटी में संतुलन बनाने के लिए ये निर्णय वित्त मंत्रालय की ओर से लिया गया है।

### पहले सोने और चांदी के ऊपर लगने वाली आयात ड्यूटी 12.50 फीसदी थी

#### छोटे कंपोनेंट्स पर ड्यूटी में बदलाव

*गोल्ड, सिल्वर से जुड़े छोटे कंपोनेंट जैसे कि हुक, क्लैस्प, क्लैम्प,पिन, कैच और स्क्रू के ऊपर ये आयात ड्यूटी बढ़ी है। ये छोटे कंपोनेंट खास तौर पर गहनों को पूरे या किसी खास हिस्से को होल्ड करने के लिए इस्तेमाल करते हैं।*

#### कब से लागू हैं नई इंपोर्ट ड्यूटी

*आयात ड्यूटी की नई दरें 22 जनवरी से लागू हो चुकी हैं। देश का बजट आने में अब 8 दिन बाकी हैं और ये 1 फरवरी 2024 को पेश होगा। वित्त मंत्रालय ने बजट में इसकी घोषणा करने की बजाए इसे 22 जनवरी से ही लागू कर दिया है।*



#### प्रीशियस मेटल्स कैटालिस्ट के ऊपर भी बढ़ी ड्यूटी

*प्रीशियस मेटल्स कैटालिस्ट के ऊपर लगने वाली आयात ड्यूटी को भी बढ़ाया गया है और इसे बढ़ाकर 14.35 फीसदी कर दिया गया है। इसमें 10 फीसदी की बेसिक कस्टम ड्यूटी और 4.35 फीसदी की एआईडीसी लगेगी। इस पर सोशल वैलफेयर सेस लगेगा।*

## स्थानीय शेयर बाजारों में मंगलवार को गिरावट का सिलसिला जारी रहा

# सेंसेक्स 1,053 अंक टूटकर 71,000 अंक से नीचे फिसला



भाषा ⏭ मुंबई

स्थानीय शेयर बाजारों में मंगलवार को गिरावट का सिलसिला जारी रहा और बीएसई सेंसेक्स 1,053 अंक लुढ़क कर 71,000 अंक के नीचे आ गया। पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने के साथ वैश्विक स्तर पर मिले-जुले रुख के बीच सूचकांक में मजबूत हिस्सेदारी रखने वाली कंपनियों एचडीएफसी बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज और एसबीआई में बिकवाली से बाजार नीचे आया। कारोबारियों के अनुसार, कंपनियों के तिमाही परिणाम उम्मीद के अनुरूप नहीं रहने को लेकर चिंता के बीच बिकवाली दबाव देखने को मिला। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में करीब 450 अंक की बढ़त के साथ खुला। लेकिन बाद में यह 1,053.10 अंक यानी 1.47 प्रतिशत की गिरावट के साथ 70,370.55 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह नीचे में 70,234.55 अंक तक आया, जबकि ऊंचे में 72,039.20 अंक तक गया। पचास शेयरों पर आधारित नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 330.15 अंक यानी 1.53 प्रतिशत लुढ़क कर 21,241.65 अंक पर बंद हुआ। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''अच्छी शुरुआत के बावजूद बाजार में अचानक से गिरावट शुरू हुई और यह अंत में नुकसान में रहा। इसका मुख्य कारण सूचकांक में मजबूत हिस्सेदारी रखने वाले खासकर वित्तीय क्षेत्र के शेयरों में बिकवाली है।'' उन्होंने कहा, ''उच्च मूल्यांकन और कंपनियों के अबतक मिले-जुले वित्तीय परिणाम के साथ पश्चिम एशिया और लाल सागर में तनाव बढ़ने से निवेशकों ने हाल की तेजी के बाद मुनाफावसूली को तरजीह दी। कंपनियों के तिमाही परिणाम आने के साथ आने वाले दिनों में बाजार में शेयर केंद्रित गतिविधियां देखने को मिल सकती है।''सेंसेक्स की कंपनियों में इंडसइंड बैंक सबसे ज्यादा 6.13 प्रतिशत नीचे आया। इसके अलावा एसबीआई (3.99 प्रतिशत), हिंदुस्तान यूनिलीवर (3.82 प्रतिशत), एक्सिस बैंक (3.41 प्रतिशत) और एचडीएफसी बैंक (3.23 प्रतिशत) में अच्छी-खासी गिरावट रही। दूसरी तरफ सन फार्मा, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक और पावरग्रिड बढ़त में रहे। इनमें 3.67 प्रतिशत तक की तेजी रही। टीसीएस और बजाज फिनसर्व भी लाभ में रहे।

### सेंसेक्स के 30 शेयरों में 24 नुकसान में रहे

एशिया के अन्य बाजारों में हांगकांग का हैंगसेंग और चीन का शंघाई कम्पोजिट लाभ में रहे। जबकि जापान का निक्की नुकसान में रहा। यूरोप के प्रमुख बाजारों में शुरुआती कारोबार में गिरावट का रुख रहा। अमेरिकी बाजार सोमवार को बढ़त में रहे थे। घरेलू शेयर बाजार 22 जनवरी को राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के कारण बंद थे। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज और बीएसई में शनिवार को सामान्य कारोबार हुआ था। इस बीच, वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.40 प्रतिशत की गिरावट के साथ 79.74 डॉलर प्रति बैरल पर रहा। वैश्विक संस्थागत निवेशकों ने शनिवार को 545.58 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर बेचे। सेंसेक्स शनिवार को 259.58 अंक और निफ्टी 50.60 अंक टूटा था।

### भारतीय शेयर बाजार बना दुनिया का चौथा सबसे बड़ा स्टॉक मार्केट

*मार्केट कैपिटलाइजेशन के हिसाब से भारतीय शेयर बाजार ने एक नया ऐतिहासिक मुकाम हासिल किया है। सोमवार को शेयर बाजार बंद होने के बाद घरेलू बाजार में लिस्टेड एक्सचेंजों का कंबाइंड मार्केट कैप 4.33 ट्रिलियन डॉलर को छू गया। इसके मुकाबले हॉन्गकॉन्ग के शेयर बाजार का मार्केट कैप 4.29 ट्रिलियन डॉलर के लेवल पर बना हुआ था। आज सुबह बीएसई का मार्केट कैपिटलाइजेशन ही 3.72 लाख करोड़ रुपये के पार निकल चुका था। सुबह सेंसेक्स की शुरुआत करीब 450 अंकों की तेजी के साथ हुई थी और निफ्टी की शुरुआत 21700 के लेवल के पार जाकर देखी गई थी।*

**भारत की ग्रोथ स्टोरी पर निवेशकों का भरोसा**

*ब्लूमबर्ग के डेटा के मुताबिक ये खबर आई है, देश के शेयर बाजार और इसके निवेशकों के लिए ये बड़ी उपलब्धि मानी जा सकती है और भारत की ग्रोथ स्टोरी पर घरेलू निवेशकों के साथ-साथ विदेशी निवेशकों के भरोसे को दिखाने वाली खबर है। भारतीय शेयर बाजार ने 5 दिसंबर 2023 में पहली बार 4 ट्रिलियन डॉलर के मार्केट कैप के ऐतिहासिक शिखर को छू लिया था। इक्विटी मार्केट में रिटेल इंवेस्टर्स की लगातार बढ़ती भागीदारी के असर से शेयर बाजार का निवेश दायरा ज्यादा मजबूत हुआ है और स्टॉक मार्केट में एक के बाद एक शानदार रैली देखी जा रही है।*

# रोल्स-रॉयस कार के खरीदारों में अब 45 साल के धनाढ्य भारतीय

## वाहन की चेन्नई में शोरूम कीमत 10 करोड़



एजेंसी ⏭ चेन्नई

भारत में ब्रिटिश लक्जरी वाहन विनिर्माता रॉल्स-रॉयस की कारें खरीदने वाले अधिकतर ग्राहक करीब 45 वर्ष की आयु के बेहद अमीर लोग हैं। कंपनी के एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। रॉल्स-रॉयस मोटर कार्स ने मंगलवार को अपना नया पूर्ण इलेक्ट्रिक वाहन 'स्पेक्टर' दक्षिण भारतीय बाजार में पेश किया। इसकी चेन्नई में शोरूम कीमत 10 करोड़ रुपये है। इस मौके पर स्पेक्टर मॉडल का 'चार्टरेस' (हरा-पीला) रंग का खास संस्करण भी पेश किया गया। कंपनी के उत्पाद एवं क्षेत्रीय बिक्री प्रबंधक इवान कांग ने कहा कि रॉल्स-रॉयस कार खरीदने का विकल्प चुनने वाले ग्राहकों की औसत आयु स्पेक्टर श्रेणी वाली कार खरीदने वाले बेहद अमीर लोगों की औसत आयु के साथ घटकर 45 साल के करीब आ गई है।

- कंपनी ने नया ईवी वाहन स्पेक्टर दक्षिण भारतीय बाजार में किया पेश

### 2030 तक कंपनी पूरी रेंज पेश करेगी

रॉल्स-रॉयस मोटर कार्स ने 'स्पेक्टर' को भारतीय बाजार में पेश करने के साथ इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए अपनी प्रतिबद्धता जताई है। उसने वर्ष 2030 के अंत तक समूचे पोर्टफोलियो में कारों की इलेक्ट्रिक रेंज को शामिल करने की बात कही है।

# दूरसंचार टावर पर इनपुट टैक्स क्रेडिट देने की मांग

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दूरसंचार क्षेत्र के बुनियादी ढांचा प्रदाताओं ने अंतरिम बजट में दूरसंचार टावर पर इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) दिए जाने की मांग करते हुए कर मूल्यह्रास दर में वृद्धि और टीडीएस प्रावधान को तर्कसंगत बनाने की गुहार लगाई है। डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रोवाइडर्स एसोसिएशन (डीआईपीए) के बैनर तले दूरसंचार क्षेत्र की ढांचागत कंपनियों ने बयान में कहा कि कारोबारी सुगमता के उपायों से निवेश बढ़ेगा और इससे उद्योग की दीर्घकालिक वृद्धि को योगदान मिलेगा। डीआईपीए ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को पत्र लिखकर केंद्रीय बजट 2024 में दूरसंचार बुनियादी ढांचा उद्योग को समर्थन देने की मांग रखी है। इस संगठन के सदस्यों में समिट डिजिटेल, अमेरिकन टावर्स, इंडस टावर्स, एसेंड टेलीकॉम, क्लाउड एक्सेल, प्रताप टेक्नोक्रेट्स, क्रेस्ट डिजिटेल, साइनोटॉक्स टावर्स, एप्लाइड सोलर टेक्नोलॉजीज, आईबीयूएस नेटवर्क और सुयोग टेलीमैटिक्स शामिल हैं। डीआईपीए के मुताबिक, दूरसंचार बुनियादी ढांचा उद्योग दूरसंचार टावर पर इनपुट टैक्स क्रेडिट की सुविधा और औद्योगिक एवं वाणिज्यिक उपयोग के लिए बैटरी पर कर मूल्यह्रास दर को 15 प्रतिशत से बढ़ाकर 65 प्रतिशत करने के लिए सरकार से समर्थन मांग रहा है। इससे बैटरियों के तीन वर्षों के आर्थिक जीवन में लागत वसूली की जा सकेगी।

- अंतरिम बजट में आईटीसी दिए जाने की मांग
- टीडीएस प्रावधान को तर्कसंगत बनाने की गुहार



### देशभर में 7.7 लाख से अधिक दूरसंचार टावर लगे

*उद्योग संघ ने आगामी बजट में बिजली की खरीद और डीजल की खरीद पर टीडीएस प्रावधानों को तर्कसंगत बनाने की भी मांग रखी है। देशभर में 7.7 लाख से अधिक दूरसंचार टावर लगे हुए हैं जो लगभग 1.2 अरब ग्राहकों को दूरसंचार सेवाएं मुहैया कराने में प्रमुख भूमिका निभाते हैं।*

# विप्रो जीई हेल्थकेयर व भारतीय विज्ञान संस्थान में समझौता

**नई दिल्ली।** वैश्विक चिकित्सा प्रौद्योगिकी कंपनी विप्रो जीई हेल्थकेयर ने स्वास्थ्य क्षेत्र में शोध बढ़ाने और प्रौद्योगिकी के विकास को लेकर देश के प्रतिष्ठित संस्थान भारतीय विज्ञान संस्थान (आईआईएस) के साथ शुरुआती समझौता किया है। विप्रो जीई हेल्थकेयर ने मंगलवार को बयान में कहा कि इस समझौता ज्ञापन का मकसद नवोन्मेष परिवेश में सुधार और स्थानीय विनिर्माण में तेजी लाने के लिए रोबोटिक्स, साइबर सुरक्षा, कृत्रिम मेधा और 5जी जैसे उभरते प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में उद्योग और अकादमिक संस्थान के बीच ज्ञान साझा करना है। सहयोग में मूल और व्यावहारिक विज्ञान, सिस्टम इंजीनियरिंग, उत्पाद और सॉफ्टवेयर विकास, परामर्श और प्रकाशन, अकादमिक अध्ययन, इंटर्नशिप, फेलोशिप और प्रशिक्षण के क्षेत्रों में सह-विकास पहल शामिल है। बयान के अनुसार, आईआईएससी और विप्रो जीई हेल्थकेयर उत्पाद और समाधान विकास को लेकर अनुसंधान के लिए एक संयुक्त कार्यसमिति का गठन करेंगे। इसमें दोनों पक्षों के प्रतिनिधि शामिल होंगे।

### गैर संचारी रोगों पर अनुसंधान की जरूरत

भारतीय विज्ञान संस्थान के निदेशक गोविंदन रंगराजन ने कहा, 'गैर-संचारी रोगों (एनसीडी) के मामलों में नये अनुसंधान एवं विकास की काफी जरूरत है। यह सहयोग विज्ञान और इंजीनियरिंग के मेल के साथ अनुसंधान को गति देगा, जिसका फायदा संबंधित लोगों को होगा।'

# इस्मा ने एथनॉल बनाने अतिरिक्त चीनी इस्तेमाल की अनुमति मांगी

## एथनॉल के लिए 10-12 लाख टन चीनी के स्थानातंरण की अनुमति चाही

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारतीय चीनी मिल संघ (इस्मा) ने सरकार से चालू सत्र में एथनॉल उत्पादन के लिए अतिरिक्त 10-12 लाख टन चीनी के स्थानांतरण (डायवर्जन) की अनुमति देने का अनुरोध किया है। चीनी के अधिक उत्पादन के अनुमान के बीच इस्मा ने यह मांग रखी है। महाराष्ट्र और कर्नाटक के कुछ हिस्सों में सूखे के कारण चीनी उत्पादन में संभावित गिरावट को देखते हुए सरकार ने चालू 2023-24 सत्र (अक्टूबर-सितंबर) में एथनॉल बनाने के लिए चीनी 'डायवर्जन' की सीमा 17 लाख टन तय कर दी है। इस्मा ने कहा कि चालू सत्र में 15 जनवरी तक चीनी मिलों ने 149.52 लाख टन चीनी का उत्पादन किया है, जो एक साल पहले की समान अवधि के 157.87 लाख टन से 5.28 प्रतिशत कम है। इस्मा ने बयान में कहा, हालांकि, खबरों के अनुसार, हालिया मौसम गन्ने की खड़ी फसल के लिए अनुकूल रहा है और उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र और कर्नाटक जैसे प्रमुख राज्यों के गन्ना आयुक्तों ने चीनी सत्र 2023-24 के लिए अपने चीनी उत्पादन अनुमानों में संशोधन करते हुए इसमें 5-10 प्रतिशत तक वृद्धि की है। इस्मा ने बयान में कहा, ''हमारा यह भी मानना है कि चालू वर्ष में चीनी उत्पादन पहले की उम्मीद की अपेक्षा कहीं अधिक हो सकता है।'' ऐसे में इस्मा ने सरकार से एथनॉल उत्पादन के लिए अतिरिक्त 10-12 लाख टन चीनी के उपयोग की अनुमति देने का अनुरोध किया है।

- चीनी के अधिक उत्पादन के अनुमान पर इस्मा ने यह मांग रखी



### मक्का से बने एथनॉल के लिए प्रोत्साहन घोषित

सरकार ने हाल ही में मक्का से बने एथनॉल के लिए प्रोत्साहन की घोषणा की थी। लेकिन चूंकि गन्ने की फसल मक्के की तुलना में पानी, पोषक तत्व, भूमि उपयोग या कार्बन पृथक्करण के मामले में अधिक कुशल है, इसलिए गन्ना भी सरकार द्वारा अधिक समर्थन का हकदार है।

### एथनॉल की खरीद लागत बढ़ाने की मांग

इसमें कहा गया है, 'एथनॉल के उत्पादन के लिए अतिरिक्त चीनी उपयोग करने की अनुमति देने के बाद भी चीनी शेष अगले सत्र में कुछ महीनों के लिए पर्याप्त होगा।' इस्मा ने सरकार से एथनॉल आपूर्ति वर्ष 2023-24 (नवंबर-अक्टूबर) के लिए गन्ना रस, सिरप, बी-भारी शीरे से उत्पादित एथनॉल की खरीद लागत में तुरंत बढ़ोतरी की घोषणा करने की भी मांग की।

## कंपनी की 125 सीसी सेगमेंट में सबसे प्रीमियम व स्टाइलिश बाइक

# हीरो एक्सट्रीम 125 भारत में 95 हजार रुपए में लांच

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

हीरो मोटोकॉर्प ने 125 सीसी सेगमेंट में अपनी नई मोटरसाइकल हीरो एक्सट्रीम 125 लांच कर दी है। जयपुर स्थित हीरो मोटोकॉर्प के ग्लोबल सेंटर ऑफ इनोवेशन टेक्नॉलजी में आयोजित हीरो वर्ल्ड 2024 कार्यक्रम के पहले दिन हीरो ने 125 सीसी सेगमेंट की सबसे प्रीमियम और स्टाइलिश मानी जा रही एक्सट्रीम 124आर लॉन्च की। जिसके इंटीग्रेटेड ब्रेकिंग सिस्टम (आईबीएस) वेरिएंट की एक्स शोरूम प्राइस 95000 रुपए और एबीएस वेरिएंट की एक्स शोरूम प्राइस 99,500 रुपए है। 20 फरवरी से आप इसे हीरो शोरूम से खरीद सकेंगे।

- हीरो मोटोकॉर्प का दावा बाइक की माइलेज 66 किलोमीटर प्रतिघंटा



### एयर कूल्ड इंजन

हीरो एक्सट्रीम 125आर के इंजन-पावर और माइलेज की बात करें तो इसमें 125 सीसी का सेगमेंट फर्स्ट एयर कूल्ड इंजन दिया गया है, जो कि 8250 आरपीएम पर 11.39 एचपी की मैक्सिमम पावर जेनरेट करता है। कंपनी का दावा है कि इसकी माइलेज 66 किमी प्रति लीटर तक की है।

### इंटीग्रेटेड ब्रेकिंग सिस्टम

बाद बाकी इसमें सिंगल और डुअल चैनल एबीएस के साथ ही इंटीग्रेटेड ब्रेकिंग सिस्टम जैसे विकल्प मिलते हैं। सस्पेंशन सेटअप की बात करें तो इसमें फ्रंट में टेलिस्कोपिक और रियर में मोनोशॉक सस्पेंशन मिलता है।

### स्पोर्टी लुक

हीरो एक्सट्रीम 125आर के लुक और डिजाइन की बात करें तो यह अपने सेगमेंट की बाकी सारी पॉपुलर मोटरसाइकल, जैसे टीवीएस रेडर, हीरो ग्लैमर और बजाज पल्सर 125 समेत अन्य प्रोडक्ट्स से बेहतर दिखती है। इसका फ्रंट लुक काफी आकर्षक है, जिसमें एलईडी हेडलाइट्स काफी अच्छे हैं।

### तीन रंगों में पेश

तीन कलर ऑप्शन में आई इस बाइक में टेललाइट्स और ब्लिंकर्स भी एलईडी हैं। बाद बाकी इसमें शार्प फ्यूल टैंक, स्प्लिट सीट सेटअप और स्प्लिट ग्रैब रेल्स के साथ ही टायर हगर भी दिए गए हैं, जिससे इसका स्पोर्टी लुक और ज्यादा निखरता है।

### हीरो मेवरिक अनवील

*हीरो मोटोकॉर्प ने मंगलवार को अपनी सबसे पावरफुल बाइक हीरो मेवरिक 440 को अनवील किया। वहीं, मेवरिक की कीमत का खुलासा नहीं किया गया है। फरवरी में मेवरिक की बुकिंग शुरू होगी, जबकि डिलीवरी अप्रैल से की जाएगी। इसकी एक्स शोरूम कीमत 2 लाख रुपए के आसपास हो सकती है। मेवरिक को हार्ले डेविडसन एक्स 440 के प्लेटफॉर्म पर डेवलप किया गया है, लेकिन इसके लुक और डिजाइन अलग हैं। रोडस्टर स्टाइल वाली बाइक रेट्रो थीम के साथ मॉडर्न टच से लैस है।*

# एलएंडटी को भारत और विदेशों में मिले बड़े ठेके

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) की इकाई हेवी इंजीनियरिंग को घरेलू तथा अंतरराष्ट्रीय बाजारों में कई बड़े ठेके मिले हैं। एलएंडटी ने हालांकि ठेके की राशि की जानकारी नहीं थी लेकिन वह किसी ठेके का मूल्य 1000 से 2500 करोड़ रुपये के बीच होने पर ही उसे 'बड़ा' बताती है। कंपनी ने बीएसई को दी जानकारी में बताया, ' एलएंडटी हेवी इंजीनियरिंग (एचई) के मॉडिफिकेशन, रिवैम्प और अपग्रेड (एमआरयू) व्यवसाय खंड को एक प्रमुख तेल तथा गैस ग्राहक से उनके महत्वपूर्ण डीबॉटलनेकिंग प्रोजेक्ट के लिए एक बड़ा ठेका मिला है। पिछले कुछ वर्षों से एमआरयू व्यवसाय ने पश्चिम एशिया के अवसरों पर ध्यान केंद्रित किया है और यह ठेका पश्चिम एशिया में एमआरयू व्यवसाय के लिए एक बड़ी उपलब्धि है।' घरेलू मोर्चे पर कंपनी को रिफाइनरी परियोजना के लिए उच्च दबाव वाले हीट एक्सचेंजर्स के निर्माण का ठेका मिला है। लार्सन एंड टुब्रो 23 अरब अमेरिकी डॉलर की भारतीय बहुराष्ट्रीय कंपनी है।



# महिला आईपीएल शेड्यूल जारी : पहला मुकाबला मुंबई इंडियंस व दिल्ली कैपिटल के बीच

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

विमेंस प्रीमियर लीग के दूसरे संस्करण के लिए पूरे शेड्यूल का ऐलान कर दिया गया है। पहला मैच पिछले सीजन की चैंपियन रही मुंबई इंडियंस और दिल्ली कैपिटल्स के बीच खेला जाएगा। यह मैच 23 फरवरी को बेंगलुरु केएम चिन्नास्वामी स्टेडियम में होगा। साल 2024 के संस्करण में कुल 22 मैच खेले जाएंगे। फाइनल 17 मार्च को दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेला जाएगा। 24 दिन तक चलने वाले इस टूर्नामेंट में एक भी डबल हेडर नहीं है। हर दिन 1 ही मैच होगा। इस सीजन टूर्नामेंट के सभी मुकाबले शाम 7:30 बजे शुरू होंगे। गौरतलब है कि पिछले साल महिला आईपीएल में मेग लैनिंग ने सबसे ज्यादा 345 रन बनाए थे। हेले मैथ्यूज ने 10 मैच में 16 विकेट लिए थे।

### फरवरी माह में कहां-कहां होंगे मैच

**23 फरवरी-** मुंबई बनाम दिल्ली
**24 फरवरी-** रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर बनाम यूपी वॉरियर्स
**25 फरवरी-** गुजरात जायंट्स बनाम मुंबई,
**26 फरवरी-** यूपी वॉरियर्स बनाम दिल्ली
**27 फरवरी-** रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर बनाम गुजरात जायंट्स
**28 फरवरी-** मुंबई बनाम यूपी वॉरियर्स
**29 फरवरी-** रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर बनाम दिल्ली




### मार्च माह में होने वाले मैचों का शेड्यूल

*शेड्यूल के अनुसार 1 मार्च- यूपी वॉरियर्स बनाम गुजरात जायंट्स, 2 मार्च- रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर बनाम मुंबई, 3 मार्च- गुजरात जायंट्स बनाम दिल्ली, 4 मार्च- यूपी वॉरियर्स बनाम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, 5 मार्च- दिल्ली बनाम मुंबई, 6 मार्च- गुजरात जायंट्स बनाम रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर, 7 मार्च- यूपी वॉरियर्स बनाम मुंबई, 8 मार्च- दिल्ली बनाम यूपी वॉरियर्स, 9 मार्च- मुंबई बनाम गुजरात जायंट्स, 10 मार्च- दिल्ली बनाम रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर , 11 मार्च- गुजरात जायंट्स बनाम यूपी वॉरियर्स, 12 मार्च- मुंबई इंडियंस बनाम रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर, 13 मार्च- दिल्ली बनाम गुजरात जायंट्स, 15 मार्च- एलिमिनेटर, 17 मार्च- फाइनल दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में।*

### इस फॉर्मेट में खेला जाएगा टूर्नामेंट

टूर्नामेंट के शुरुआती 11 मैच बेंगलुरु में खेले जाएंगे। इसके बाद सभी टीमें दिल्ली जाएंगी, जहां और सभी मैच खेले जाएंगे। ग्रुप स्टेज में 20 मुकाबले खेले जाएंगे। ग्रुप में शीर्ष पर रहने वाली टीम सीधे फाइनल में खेलेगी। दूसरे और तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम के बीच एलिमिनेटर मुकाबला खेला जाएगा।

## खबर संक्षेप



### किरन जॉर्ज इंडोनेशिया मास्टर्स के मुख्य ड्रॉ में

**जकार्ता।** भारत के किरण जॉर्ज ने इंडोनेशिया मास्टर्स 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरूष एकल क्वालीफाइंग दौर में दो करीबी जीत के बाद मुख्य ड्रॉ में प्रवेश कर लिया। कोच्चि के 23 वर्ष के जॉर्ज ने अब तक दो सुपर 100 खिताब 2022 ओडिशा ओपन और 2023 डेनमार्क मास्टर्स जीते हैं । उन्होंने इंडोनेशिया के शेसार हिरेन रूस्टावितो को 21-17, 12-21, 21-15 से हराया। इससे पहले उन्होंने फ्रांस के एलेक्स लेनियर को 12-21, 21-18, 22-20 से मात दी थी। मुख्य ड्रॉ में सातवीं वरीयता प्राप्त एच एस प्रणय पूर्व विश्व चैम्पियन सिंगापुर के लो कीन यू के खिलाफ अभियान का आगाज करेंगे। वहीं लक्ष्य सेन का सामना चीन के वेंग होंग यांग से होगा।

### ब्राइटन को वोल्वर हैम्पटन ने गोल रहित बराबरी पर रोका



**ब्राइटन।** जेम्स मिल्नर इंग्लिश प्रीमियर लीग में सर्वाधिक मैच खेलने वाले खिलाड़ियों की सूची में सोमवार को दूसरे स्थान पर पहुंच गए लेकिन उनकी टीम ब्राइटन को वोल्वरहैम्पटन ने गोल रहित बराबरी रोक दिया। मिल्नर 38 साल की उम्र में सोमवार को एमेक्स स्टेडियम में अपना 633वां प्रीमियर लीग मैच खेलने उतरे। उन्होंने रेयान गिग्स को पीछे छोड़ा जिन्होंने 632 मैच खेले थे। मिल्नर से अधिक मैच अब सिर्फ गैरेथ बैरी के नाम दर्ज हैं जिन्होंने 653 प्रीमियर लीग मुकाबले खेले हैं। मिल्नर हालांकि सोमवार को वोल्वरहैम्पटन के खिलाफ अपनी टीम को घरेलू मैदान पर जीत दिलाने में नाकाम रहे। इस ड्रॉ के बावजूद ब्राइटन की टीम मैनचेस्टर यूनाईटेड से एक स्थान ऊपर सातवें पायदान पर पहुंच गई है।

### पाकिस्तान क्रिकेट की स्थिति बेहद दुखदः मियांदाद

**कराची।** महान बल्लेबाज जावेद मियांदाद ने पाकिस्तान में क्रिकेट के संचालन के तरीके पर दुख जताते हुए कहा है कि राष्ट्रीय टीम में लगातार नियुक्तियों और बदलावों ने खिलाड़ियों के आत्मविश्वास को हिला दिया है। मियांदाद ने यहां सिंध प्रीमियर लीग के शुभारंभ के लिए



आयोजित एक समारोह के दौरान मीडिया से कहा, ''मैंने दुनिया में कहीं भी क्रिकेट प्रशासन वैसा नहीं देखा जैसा हम पाकिस्तान में देखते हैं और ये स्थिति बेहद दुखद है।'' पाकिस्तान के लिए 124 टेस्ट खेलने वाले इस पूर्व कप्तान ने कहा कि हाल के दिनों में क्रिकेट प्रशासन का टीम और खिलाड़ियों पर भी बुरा प्रभाव पड़ा है। पीसीबी में फिर नियुक्तियों का दौर एक दिवसीय विश्व कप के बाद पाकिस्तान क्रिकेट में एक बार फिर नियुक्तियों का दौर चला है।

## क्रिकेट : इंडिया व इंग्लैंड के बीच कल से पांच मैचों की टेस्ट सीरीज

# टीम इंडिया का 11 साल से जलवा बरकरार 46 मुकाबलों में 36 जीत, सात मैच रहे ड्रॉ

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत और इंग्लैंड के बीच कल 25 जनवरी से टेस्ट सीरीज का आगाज होने जा रहा है। इंग्लैंड जीत के इरादे से एक मजबूत टीम लेकर भारत आई है जिसके कप्तान बेन स्टोक्स हैं।

अपने घर में टीम इंडिया का एक ऐसा धांसू रिकॉर्ड है, जिसे देखकर इंग्लैंड के होश उड़ जाएंगे। पिछले 11 साल के आंकड़े बताते हैं कि भारत को घर में हराना विरोधी टीमों के लिए एक सपने की तरह है, क्योंकि भारतीय पिचों पर टीम इंडिया के खिलाड़ियों का कोई तोड़ नहीं है। 2012 के बाद जो भी टीम भारत दौरे पर आई है, उसे टीम इंडिया ने बुरी तरह से हराया है।

### पिछले 11 सालों में 16 टेस्ट सीरीज जीतीं

भारत ने अपने घर में आखिरी टेस्ट सीरीज दिसंबर 2012 में इंग्लैंड के खिलाफ हारी थी। इसके बाद से उसने 16 टेस्ट सीरीज खेलीं। सभी में जीत हासिल की। इस दौरान टीम इंडिया ने 46 टेस्ट खेले, जिनमें से सिर्फ 3 गंवाए, 36 जीते, जबकि 7 टेस्ट मैच ड्रॉ रहे हैं। खास बात ये है कि अपने घर में लगातार सबसे ज्यादा टेस्ट सीरीज जीतने के मामले में टीम इंडिया टॉप पर काबिज है। भारत के अलावा कोई भी टीम अपने घर पर लगातार 10 से ज्यादा टेस्ट सीरीज नहीं जीत सकी है।



### टेस्ट में भारत-इंग्लैंड के हेड टू हेड आंकड़े

*अगर भारत और इंग्लैंड के बीच टेस्ट इतिहास की बात करें तो अभी तक 131 टेस्ट मैच खेले गए हैं। इस दौरान इंग्लैंड को 50 मैचों में जीत मिली है, जबकि भारत ने 31 मैचों में इंग्लैंड को हराया है। 50 टेस्ट ड्रॉ रहे हैं। भारतीय सरजमीं पर यह दोनों टीमें 64 बार आमने-सामने हुई हैं, जिनमें से टीम इंडिया ने 22 जबकि इंग्लैंड ने 14 मैच जीते हैं, 28 मुकाबले ड्रा रहे।*

### पहले 2 टेस्ट के लिए भारतीय टीम

रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, यशस्वी जयसवाल, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल , केएस भरत (विकेटकीपर), रिंकू सिंह, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), रविचंद्रन अश्विन, रवींद्र जडेजा , अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, मुकेश कुमार, जसप्रीत बुमराह (उप कप्तान), आवेश खान।

### इंग्लैंड की टीम

बेन स्टोक्स (कप्तान), रेहान अहमद, जेम्स एंडरसन, गस एटकिंसन, जॉनी बेयरस्टो, शोएब बशीर, डेन लॉरेंस, जैक क्रॉली, बेन डकेट, बेन फॉक्स, टॉम हार्टले, जैक लीच, ओली पोप, ओली रॉबिन्सन, जो रूट और मार्क वुड।

शीर्ष बल्लेबाज

### टेस्ट सीरीज का शेड्यूल

पहला टेस्ट- 25-29 जनवरी, हैदराबाद
दूसरा टेस्ट- 2-6 फरवरी, विशाखापट्टनम
तीसरा टेस्ट- 15-19 फरवरी, राजकोट
चौथा टेस्ट- 23-27 फरवरी, रांची
5वां टेस्ट- 7-11 मार्च, धर्मशाला

## शास्त्री, इंजीनियर को कर्नल सीके नायडू 'लाइफटाइम अचीवमेंट'

**हैदराबाद।** पूर्व भारतीय ऑलराउंडर और मुख्य कोच रवि शास्त्री को मंगलवार को यहां भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने 'लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार' से सम्मानित किया। बीसीसीआई ने यहां एक समारोह में 2019-20 सत्र के लिए शीर्ष पुरुष और महिला खिलाड़ियों को सम्मानित किया। भारत के पूर्व विकेटकीपर फारुख इंजीनियर को भी 'लाइफटाइम अचीवमेंट' अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। इकसठ साल के शास्त्री ने 80 टेस्ट और 150 एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय में भारत का प्रतिनिधित्व किया। संन्यास लेने के बाद उन्होंने कमेंटेटर के रूप में पहचान बनाई। शास्त्री दो बार राष्ट्रीय टीम के कोच रहे। वह 2014 से 2016 तक टीम निदेशक के रूप में राष्ट्रीय टीम से जुड़े और फिर विराट कोहली की कप्तानी में 2017 से 2021 में टी20 विश्व कप तक मुख्य कोच की भूमिका निभाई। उनके मार्गदर्शन में भारत ने ऑस्ट्रेलिया में लगातार दो टेस्ट श्रृंखला जीती। उनके मार्गदर्शन में हालांकि टीम कोई आईसीसी प्रतियोगिता नहीं जीत पाई। शास्त्री के मार्गदर्शन में भारत विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचा लेकिन न्यूजीलैंड से हार गया।

## अनुप्रिया और विकास बिंद ने एथलेटिक्स में नए रिकॉर्ड बनाए

**चेन्नई।** केरल की अनुप्रिया वी.एस. और मध्य प्रदेश के विकास बिंद ने मंगलवार को यहां खेलो इंडिया युवा खेलों (केआईवाईजी) में एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं के पहले दिन क्रमशः लड़कियों की गोला फेंक और लड़कों की 3000 मीटर दौड़ में नए रिकॉर्ड बनाए। अनुप्रिया ने 17.22 मीटर की दूरी तक गोला फेंक कर विधि द्वारा पिछले साल बनाए गए रिकॉर्ड में सुधार करते हुए केरल को इन खेलों में दूसरा स्वर्ण पदक दिलाया। पंजाब की गुरलीन कौर ने 16.38 मीटर के साथ रजत और हरियाणा की तमन्ना ने 16.35 मीटर के साथ कांस्य पदक जीता। बिंद ने 3000 मीटर दौड़ को आठ मिनट 29.16 सेकेंड के समय के साथ पूरा किया। इस स्पर्धा में तीनों पदक विजेताओं ने तीन साल पहले गुवाहाटी में अर्जुन वास्कले के आठ मिनट 31.97 सेकेंड के पिछले मीट रिकॉर्ड में सुधार किया। हरियाणा के बलजीत टी (आठ मिनट 30.02 सेकेंड) और उत्तराखंड के प्रभु महतो (आठ मिनट 31.53 सेकेंड) ने क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीते। उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु और महाराष्ट्र ने एथलेटिक्स में दिन के 11 पदक स्पर्धाओं में से दो-दो स्वर्ण पदक जीते। संयुक्ता काले ने लयबद्ध जिमनास्टिक में दो स्वर्ण पदक जीतकर महाराष्ट्र का दबदबा कायम किया।

## सात्विक-चिराग पहुंचे नंबर-1 रैंकिंग पर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



पिछले दो सप्ताह से शानदार प्रदर्शन कर रहे भारत के सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी मंगलवार को बीडब्ल्यूएफ पुरूष युगल बैडमिंटन रैंकिंग में फिर शीर्ष पर पहुंच गए। एशियाई खेलों की चैम्पियन यह जोड़ी मलेशिया ओपन सुपर 1000 और इंडिया ओपन सुपर 750 टूर्नामेंटों में उपविजेता रही थी। दोनों पिछले साल हांगझोउ एशियाई खेलों में ऐतिहासिक स्वर्ण पदक जीतने के बाद पहली बार शीर्ष रैंकिंग पर पहुंचे। इंडिया ओपन फाइनल में उन्हें विश्व चैम्पियन कांग मिन युक और सिओ सांग जाए ने हराया। अन्य भारतीयों में एच एस प्रणय आठवें नंबर पर पहुंच गए जबकि लक्ष्य सेन, किदाम्बी श्रीकांत और प्रियांशु राजावत क्रमशः 19वें, 25वें और 30वें स्थान पर बने हुए हैं।

## 'वनडे टीम ऑफ द ईयर' में छह भारतीय शामिल

### रोहित शर्मा चुने गए कप्तान



एजेंसी ▶▶| दुबई

इंटरनेशल क्रिकेट काउंसिल ने 2023 की 'वनडे टीम ऑफ द ईयर' चुनी है। दिलचस्प रूप से इस टीम में सर्वाधिक 6 भारतीय खिलाड़ियों को जगह मिली है, जिसमें रोहित शर्मा और विराट कोहली भी शामिल हैं। इस टीम का कप्तान रोहित को ही बनाया गया है। बता दें कि रोहित के नेतृत्व में बीते साल में भारत ने वनडे विश्व कप 2023 में कमाल किया था और टीम उपविजेता रही थी।

### शुभमन बने साल के 'सर्वश्रेष्ठ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर'

**नई दिल्ली।** बीसीसीआई ने शुभमन गिल को 2022-23 के लिए 'सर्वश्रेष्ठ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर' चुना है।



इसके लिए उन्हें 'पॉली उमरीगर' सम्मान दिया गया है। बता दें कि गिल साल 2023 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज थे। उन्होंने 48 मैच की 52 पारियों में 46.82 की औसत से 2,154 रन बनाए थे। उनके बल्ले से 7 शतक और 10 अर्धशतक निकले थे।

### ऐसी है आईसीसी वनडे टीम

*आईसीसी ने भारत के अलावा ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड के खिलाड़ियों को बीते साल की सर्वश्रेष्ठ वनडे टीम में चुना है। विशेष रूप से इस टीम में चयनित हुए ज्यादातर खिलाड़ी वनडे विश्व कप 2023 के फाइनल में खेलते हुए नजर आए थे। वनडे टीम ऑफ द ईयरः रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, ट्रेविस हेड, विराट कोहली, डेरिल मिचेल, हेनरिक क्लासेन, मार्को येन्सन, एडम जैम्पा, मोहम्मद सिराज, कुलदीप यादव और मोहम्मद शमी।*

## कोस्तयुक को हराकर कोको गॉफ सेमीफाइनल में

**मेलबर्न।** अमेरिका की चौथी वरीय कोको गॉफ ने मंगलवार को यहां मार्ता कोस्तयुक को तीन सेट चले कड़े मुकाबले में 7-6, 6-7, 6-2 से हराकर ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल सेमीफाइनल में जगह बनाई। चौथी वरीय कोको गॉफ ने पहले सेट में 1-5 से पिछड़ने के बाद जोरदार वापसी करते हुए दो सेट प्वाइंट बचाए और फिर सेट जीत लिया। उन्होंने दूसरे सेट गंवाया लेकिन फिर तीसरा और निर्णायक सेट जीतकर तीन घंटे और आठ मिनट में जीत दर्ज की।

## 'टेस्ट टीम ऑफ द ईयर' के पैट चुने गए कप्तान

**दुबई।** इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने 2023 की 'टेस्ट टीम ऑफ द ईयर' चुनी है। इस टीम में ऑस्ट्रेलिया के 5 खिलाड़ियों को जगह मिली है, जिसमें पैट कमिंस को टीम का कप्तान बनाया गया है। भारतीय टीम के 2 खिलाड़ी रविंद्र जडेजा और रविचंद्रन अश्विन इस टीम में जगह बनाने में सफल रहे हैं। टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले चुके स्टुअर्ट ब्रॉड को भी टीम में मौका दिया गया है। ऑस्ट्रेलिया ने पिछले साल विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल जीता था। टीम के कई खिलाड़ियों का प्रदर्शन साल 2023 में कमाल का रहा था। आईसीसी की टीम में कंगारू टीम का प्रभुत्व साफ नजर आ रहा है।

### टेस्ट टीम ऑफ द ईयर

उस्मान ख्वाजा (ऑस्ट्रेलिया) दिमुथ करुणारत्ने (श्रीलंका), केन विलियमसन (श्रीलंका), जो रूट (इंग्लैंड), ट्रेविस हेड (ऑस्ट्रेलिया), रविंद्र जडेजा (भारत), एलेक्स कैरी (विकेटकीपर, ऑस्ट्रेलिया), पैट कमिंस (ऑस्ट्रेलिया, कप्तान), रविचंद्रन अश्विन (भारत), मिचेल स्टार्क (ऑस्ट्रेलिया) और स्टुअर्ट ब्रॉड (इंग्लैंड)।



## चिंतन

# सोलर ऊर्जा क्षेत्र में होगा नया 'सूर्योदय'

प्रधानमंत्री सूर्योदय योजना बिजली बचत क्षेत्र में क्रांतिकारी साबित हो सकती है। घरेलू और सरकारी व निजी दफ्तर में अगर रोशनी के लिए सोलर ऊर्जा का प्रयोग व्यापक स्तर पर होने लगे तो लाखों मेगावाट बिजली की बचत हो सकती है। भारत सरकार ने 'प्रधानमंत्री सूर्योदय योजना' की सोमवार को शुरूआत की है। इस योजना के तहत केंद्र सरकार देशभर में एक करोड़ घरों पर रूफटॉप सोलर सिस्टम लगाएगी। भारत में लगभग 31 करोड़ परिवार हैं, शुरू में सरकार ने एक करोड़ आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के घर में सोलर सिस्टम लगाने का फैसला किया है। इस योजना को बहुत पहले शुरू किया जाना था। अभी केंद्र सरकार सोलर एनर्जी से जुड़ी योजना 'नेशनल रूफटॉप स्कीम' चला रही है। इस योजना के तहत अगर आप अपनी छत पर सोलर पैनल लगाना चाहते हैं तो 3 किलोवाट क्षमता के सोलर पैनल लगाने पर सरकार की ओर से 40 फीसदी सब्सिडी (प्रति किलोवाट 14,588 रुपये) दी जाती है। रूफटॉप सोलर योजना फेज-2 के तहत 30 नवंबर 2023 तक देश में रूफटॉप सोलर से 2,651 मेगावाट क्षमता को स्थापित किया जा चुका है। रूफटॉप योजना के सेकेंड फेज को 31 मार्च 2026 तक बढ़ाया गया है। केंद्रीय नवीनीकृत ऊर्जा मंत्री आरके सिंह ने हाल ही में बताया था कि रूफटॉप सोलर कार्यक्रम के दोनों फेज से अभी 10,407 मेगावाट बिजली का उत्पादन हो रहा है। अभी गुजरात, केरल व महाराष्ट्र रूफटॉप सोलर सिस्टम लगाने में आगे हैं। सोलर सिस्टम से प्रदूषण नहीं होता, ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन में कमी आती है व पर्यावरण का संरक्षण होता है। सरकार ने बिजली बल्ब बदल कर एलईडी बल्ब के प्रयोग को बढ़ावा देकर बिजली आपूर्ति को बेहतर बनाया था। कोल व परमाणु से बिजली उत्पादन व वितरण खर्चीला है। बिजली की दर अभी शहरों में पांच से सात रुपये यूनिट है, जो मध्यवर्ग पर बड़ा बोझ है। अगर देश में घरेलू खपत के लिए सोलर ऊर्जा का प्रयोग ज्यादा से ज्यादा होने लगे तो बड़े पैमाने पर बिजली की बचत होगी। भारत ऐसा देश है, जहां सूर्य की सीधी रोशनी लगभग साल भर उपलब्ध रहती है, ऐसे में सोलर एनर्जी के लिए भारत का एकदम अनुकूल है। देश में सभी घरों पर जो करीब 31 करोड़ हैं, सभी सरकारी व निजी दफ्तरों, जो करोड़ों में हैं, पर अगर सोलर सिस्टम लग जाए तो बिजली बचत के मामले में क्रांति आ जाएगी। भारत जिस तेजी से वैकल्पिक ऊर्जा की तरफ आगे बढ़ रहा है, उसमें सोलर एनर्जी की भूमिका अहम है। बेशक कांग्रेस ने भारत सरकार की सूर्योदय योजना को एक और जुमला कहा है, लेकिन सोलर एनर्जी योजना की पहली शुरूआत करने में कांग्रेस सरकार की अतीत में भूमिका रही है। वर्तमान की मोदी सरकार तेजी से सोलर एनर्जी पर काम कर रही है। भारत इंटरनेशनल सोलर एलांयस का भी संस्थापक सदस्य है। सोलर एनर्जी, इलेक्ट्रिक एनर्जी व हरित हाइड्रोजन भविष्य के ऊर्जा स्रोत हैं। ये समूचे विश्व के एनर्जी स्पेक्ट्रम को बदलने वाले हैं। खास बात है कि भारत इन सभी अल्टरनेटिव एनर्जी स्रोत के क्षेत्र में तेजी से काम कर रहा है। भारतवासियों के घर की छत पर उनका अपना सोलर रूफटॉप सिस्टम होना ही चाहिए। छोटे छोटे कदम से बड़े बदलाव होते हैं। प्रधानमंत्री मोदी अपने ऐसे ही विजनरी कदमों से देश में बड़े-बड़े बदलाव की पटकथा लिख रहे हैं। डिजिटल इंडिया, स्किल इंडिया, जनधन, डीबीटी, उज्ज्वला, आयुष्मान भारत, किसान निधि, स्वच्छ भारत, हाई-वे, आई-वे, नए एयरपोर्ट, पोर्ट, एलईडी बल्ब, वंदे भारत जैसी हाईस्पीड ट्रेन, रेल ट्रैक आधुनिकीकरण आदि सैकड़ों ऐसी योजनाएं हैं, जिनसे देश परिवर्तन की राह पर है। प्रधानमंत्री सूर्योदय योजना से सोलर एनर्जी के घरेलू उपयोग को बढ़ावा मिलेगा। इसमें बचतशास्त्र भी है और अर्थशास्त्र भी। इससे गरीब और मध्यम वर्ग का बिजली बिल तो कम होगा ही, भारत ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर भी बनेगा।

## नेशनल गर्ल चाइल्ड डे

डॉ. मोनिका शर्मा



# बालिकाओं को सशक्त बनाने की मुहिम

बेटियों की खिलखिलाहट हर आंगन की रौनक होती है। उनके बिना किसी भी परिवार में रीति-रिवाज, तीज-त्योहार का इन्द्रधनुष नहीं सजता। बावजूद इसके कितनी ही रीतियां, कुरीतियां बन लाडलियों के लिए बंधन बन गईं। जाने-अनजाने गैर-बराबरी और उपेक्षा का बर्ताव उनके हिस्से आ गए। अपनों ही नहीं परायों की भी मान-मनुहार का जिम्मा उठाने वाली बेटियों को हर मोर्चे पर जद्दोजहद भरे हालात ही मिले और मिल रहे हैं। कहना गलत नहीं होगा कि हमारे सामाजिक माहौल में तो बेटियों के लिए जिंदगी का संघर्ष कोख से ही शुरू हो जाता है। लाडलियों के जीवन से जुड़ी बातों और हालात को लेकर जागरुकता लाने और बेटियों के जज्बातों को समझने की संवेदनशीलता को पोषित करने के लिए ही 'नेशनल गर्ल चाइल्ड डे' मनाया जाता है। ज्ञात हो कि महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा 2008 में 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के हिस्से के रूप में इसकी शुरुआत की गई थी। भारतीय समाज में लड़कियों के सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान करने और लैंगिक समानता को बढ़ावा से जुड़े उद्देश्यों से जुड़ी यह मुहिम वाकई कारगर सिद्ध हुई है। यह दिन बेटियों के सामने आने वाली चुनौतियों एवं अधिकारों के संरक्षण को लेकर चेतना लाने वाला है। व्यावहारिक और भावनात्मक पहलुओं पर सहयोग करने, बेटे-बेटी का भेदभाव मिटाने और लाडलियों को आगे बढ़ने के अवसर मुहैया करवाने का संदेश देता है। सुखद है कि अब जीवन से जुड़े इन पक्षों पर बदलाव देखने को मिल रहा है। परिवार ही नहीं समाज में बिटिया के सत्कार की सोच बढ़ी है। आमजन की बदलती मानसिकता ने कोख से लेकर कामकाजी क्षेत्र तक, बालिकाओं के लिए नया परिवेश बनाया है। दरअसल, हमारे यहां मौजूद पितृसत्तात्मक परिवेश, सामाजिक परंपराओं और पारिवारिक संरचना के तयशुदा मापदंडों के चलते बालिकाएं अपने सहज मानवीय अधिकारों से ही नहीं संवैधानिक अधिकारों को उपभोग करने में भी पीछे रही हैं। बाल विवाह, कम उम्र में ही घरेलू जिम्मेदारियां, किशोर गर्भावस्था, पढ़ाई छूटने और स्वास्थ्य की संभाल जैसे अनगिनत मोर्चों पर बेटियों के हिस्से तकलीफदेह स्थितियां रही हैं। ऐसे में यह घर-परिवार के बदलते माहौल की ही बानगी है कि बेटियों के स्वागत-सत्कार का सहज भाव-चाव हमारे सामने है। लाडलियों के प्रति चाव और लगाव दोनों बढ़े हैं। उनके प्रति सम्मान और स्वीकार्यता से जुड़े व्यवहार में आया बदलाव जीवन के हर पहलू पर सकारात्मक परिवर्तन ला रहा है। बच्चियों को बचपन से ही समानता और अपनेपन का परिवेश मिल रहा है। सबसे बड़ा बदलाव तो बेटी को दुनिया में लाने की सोच को लेकर आया है। बेटी के जन्म पर नाखुशी जाहिर करने के बजाय उनके भविष्य के लिए भी सपने संजोये जाने लगे हैं। कभी लड़कियों के प्रति रूखा बर्ताव रखने वाले समाज में अब बिटिया को गोद लेने वाले परिवार बढ़ रहे हैं। धीरे धीरे ही सही पर अब सामाजिक परिवेश में में बेटे-बेटी के बीच भेदभाव खत्म हो रहा है। 'जेंडर बायस्ड' सोच की समाप्त होती जड़ता लाडलियों से भावनात्मक जुड़ाव को भी मजबूती दे रही है। पारिवारिक परिवेश में उनके लिए स्वतंत्र अस्तित्व गढ़ने और आगे बढ़ने के मार्ग खुल रहे हैं। सामाजिक माहौल में सामर्थ्य की स्वीकार्यता का भाव आया है। यही वजह है कि कर्तव्य पथ की कदमताल से लेकर तकनीक और अन्तरिक्ष की दुनिया तक बेटियों की प्रभावी उपस्थिति दिखने लगी है। बालिकाओं के सशक्तीकरण को संबोधित यह दिवस देश की आधी आबादी के भविष्य की बेहतर बुनियाद बनाने का उद्देश्य लिए है। हर व्यक्ति, हर परिवार और समग्र व्यवस्था को ऐसे समाज के निर्माण का आधार तैयार करने की ओर प्रवृत्त करता है, जिसमें बेटियों को समान अवसर, सम्मान, सुरक्षा और अपनी क्षमता के अनुसार भरपूर अवसर मिल सकें। समावेशी भविष्य की दिशा में प्रयासों को आगे बढ़ाने वाली यह मुहिम बेटियों के जीवन को हर पक्ष पर मजबूती देने वाली है। लाडलियों का मनोबल बढ़ाकर उन्हें शिक्षित, सफल और सजग व्यक्तित्व की धनी नागरिक बनने का परिवेश बनाती है।

(लेखिका फ्रीलांसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# सच्चे जननायक थे कर्पूरी ठाकुर



जयंती विशेष
नरेन्द्र मोदी

जननायक कर्पूरी ठाकुर का पूरा जीवन सादगी और सामाजिक न्याय के लिए समर्पित रहा। वे अपनी अंतिम सांस तक सरल जीवनशैली और विनम्र स्वभाव के चलते आम लोगों से गहराई से जुड़े रहे। उनसे जुड़े ऐसे कई किस्से हैं, जो उनकी सादगी की मिसाल हैं। उनके साथ काम करने वाले लोग याद करते हैं कि कैसे वे इस बात पर जोर देते थे कि उनके किसी भी व्यक्तिगत कार्य में सरकार का एक पैसा भी इस्तेमाल ना हो। मेरे जैसे अनेक लोगों के जीवन में कर्पूरी बाबू का प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष योगदान रहा है। आज भले ही कर्पूरी ठाकुर हमारे बीच में नहीं हैं, लेकिन जन-कल्याण के कार्यों की वजह से करोड़ों देशवासियों के दिल और दिमाग में जीवित हैं। वे एक सच्चे जननायक थे।

हमारे जीवन पर कई लोगों के व्यक्तित्व का प्रभाव रहता है। जिन लोगों से हम मिलते हैं, हम जिनके संपर्क में रहते हैं, उनकी बातों का प्रभाव पड़ना स्वाभाविक है, लेकिन कुछ ऐसे व्यक्ति भी होते हैं जिनके बारे में सुनकर ही आप उनसे प्रभावित हो जाते हैं। मेरे लिए ऐसे ही रहे हैं जननायक कर्पूरी ठाकुर। आज कर्पूरी बाबू की 100वीं जन्म-जयंती है। मुझे कर्पूरी जी से कभी मिलने का अवसर तो नहीं मिला, लेकिन उनके साथ बेहद करीब से काम करने वाले कैलाशपति मिश्र से मैंने उनके बारे में बहुत कुछ सुना है। सामाजिक न्याय के लिए कर्पूरी बाबू ने जो प्रयास किए, उससे करोड़ों लोगों के जीवन में बड़ा बदलाव आया। उनका संबंध नाई समाज, यानी समाज के अति पिछड़े वर्ग से था। अनेक चुनौतियों को पार करते हुए उन्होंने कई उपलब्धियों को हासिल किया और जीवनभर समाज के उत्थान के लिए काम करते रहे।

जननायक कर्पूरी ठाकुर का पूरा जीवन सादगी और सामाजिक न्याय के लिए समर्पित रहा। वे अपनी अंतिम सांस तक सरल जीवनशैली और विनम्र स्वभाव के चलते आम लोगों से गहराई से जुड़े रहे। उनसे जुड़े ऐसे कई किस्से हैं, जो उनकी सादगी की मिसाल हैं। उनके साथ काम करने वाले लोग याद करते हैं कि कैसे वे इस बात पर जोर देते थे कि उनके किसी भी व्यक्तिगत कार्य में सरकार का एक पैसा भी इस्तेमाल ना हो। ऐसा ही एक वाकया बिहार में उनके सीएम रहने के दौरान हुआ। तब राज्य के नेताओं के लिए एक कॉलोनी बनाने का निर्णय हुआ था, लेकिन उन्होंने अपने लिए कोई जमीन नहीं ली। जब भी उनसे पूछा जाता कि आप जमीन क्यों नहीं ले रहे हैं, तो वे बस विनम्रता से हाथ जोड़ लेते। 1988 में जब उनका निधन हुआ तो कई नेता श्रद्धांजलि देने उनके गांव गए। कर्पूरी जी के घर की हालत देखकर उनकी आंखों में आंसू आ गए कि इतने ऊंचे पद पर रहे व्यक्ति का घर इतना साधारण कैसे हो सकता है! कर्पूरी बाबू की सादगी का एक और लोकप्रिय किस्सा 1977 का है, जब वे बिहार के सीएम बने थे। तब केंद्र और बिहार में जनता सरकार सत्ता में थी। उस समय जनता पार्टी के नेता लोकनायक जयप्रकाश नारायण यानी जेपी के जन्मदिन के लिए कई नेता पटना में इकट्ठे हुए। उसमें शामिल मुख्यमंत्री कर्पूरी बाबू का कुर्ता फटा हुआ था। ऐसे में चंद्रशेखर ने अपने अनूठे अंदाज में लोगों से कुछ पैसे दान करने की अपील की, ताकि कर्पूरी जी नया कुर्ता खरीद सकें, लेकिन कर्पूरी जी ने इसमें भी एक मिसाल कायम कर दी। उन्होंने पैसा तो स्वीकार कर लिया, लेकिन उसे मुख्यमंत्री राहत कोष में दान कर दिया।

सामाजिक न्याय तो जननायक कर्पूरी ठाकुर के मन में रचा-बसा था। उनके राजनीतिक जीवन को एक ऐसे समाज के निर्माण के प्रयासों के लिए जाना जाता है, जहां सभी लोगों तक संसाधनों का समान रूप से वितरण हो और सामाजिक हैसियत की परवाह किए बिना उन्हें अवसरों का लाभ मिले। उनके प्रयासों का उद्देश्य भारतीय समाज में पैठ बना चुकी कई असमानताओं को दूर करना भी था। अपने आदर्शों के लिए कर्पूरी जी की प्रतिबद्धता ऐसी थी कि उस कालखंड में भी जब सब



ओर कांग्रेस का राज था, उन्होंने कांग्रेस विरोधी लाइन पर चलने का फैसला किया, क्योंकि उन्हें काफी पहले ही इस बात का अंदाजा हो गया था कि कांग्रेस अपने बुनियादी सिद्धांतों से भटक गई है। कर्पूरी ठाकुर की चुनावी यात्रा 1950 के दशक के प्रारंभिक वर्षों में शुरू हुई और यहीं से वे राज्य के सदन में एक ताकतवर नेता के रूप में उभरे। वे श्रमिक वर्ग, मजदूर, छोटे किसानों और युवाओं के संघर्ष की सशक्त आवाज बने। शिक्षा एक ऐसा विषय था, जो कर्पूरी जी के हृदय के सबसे करीब था। वे स्थानीय भाषाओं में शिक्षा देने के बहुत बड़े पैरोकार थे, ताकि गांवों और छोटे शहरों के लोग भी अच्छी शिक्षा प्राप्त करें और सफलता की सीढ़ियां चढ़ें। मुख्यमंत्री रहते हुए उन्होंने बुजुर्ग नागरिकों के कल्याण के लिए कई अहम कदम उठाए। डेमाक्रेसी, डिबेट और डिस्कशन तो कर्पूरी जी के व्यक्तित्व का अभिन्न हिस्सा थे। लोकतंत्र के लिए उनका समर्पण भाव, भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान ही दिख गया था, जिसमें उन्होंने अपने-आप को झोंक दिया। उन्होंने देश पर जबरन थोपे गए आपातकाल का भी पुरजोर विरोध किया था। समाज के पिछड़े और वंचित वर्गों को सशक्त बनाने के लिए कर्पूरी ठाकुर ने एक ठोस कार्ययोजना बनाई थी। यह उनके सबसे प्रमुख योगदानों में से एक है। उन्हें उम्मीद थी कि एक ना एक दिन इन वर्गों को भी वो प्रतिनिधित्व और अवसर जरूर दिए जाएंगे, जिनके वे हकदार थे। हालांकि उनके इस कदम का काफी विरोध हुआ, लेकिन वे किसी भी दबाव के आगे झुके नहीं। उनके नेतृत्व में ऐसी नीतियों को लागू किया गया, जिनसे एक ऐसे समावेशी समाज की मजबूत नींव पड़ी, जहां किसी के जन्म से उसके भाग्य का निर्धारण नहीं होता हो। हमारी सरकार निरंतर जननायक कर्पूरी ठाकुर से प्रेरणा लेते हुए काम कर रही है। यह हमारी नीतियों और योजनाओं में भी दिखाई देता है, जिससे देशभर में सकारात्मक बदलाव आया है। कर्पूरी जी जैसे कुछ नेताओं को छोड़कर सामाजिक न्याय की बात बस एक राजनीतिक नारा बनकर रह गई थी। उनके विजन से प्रेरित होकर हमने इसे एक प्रभावी गवर्नेंस मॉडल के रूप में लागू किया। मैं विश्वास और गर्व के साथ कह सकता हूं कि भारत के 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकालने की उपलब्धि पर आज जननायक कर्पूरी जरूर गौरवान्वित होते। हम आज सैचुरेशन के लिए प्रयास कर रहे हैं, ताकि प्रत्येक योजना का लाभ, शत प्रतिशत लाभार्थियों को मिले। इस दिशा में हमारे प्रयास सामाजिक न्याय के प्रति सरकार के संकल्प को दिखाते हैं। आज जब मुद्रा लोन से ओबीसी, एससी और एसटी समुदाय के लोग उद्यमी बन रहे हैं, तो यह कर्पूरी ठाकुर के आर्थिक स्वतंत्रता के सपनों को पूरा कर रहा है। इसी तरह यह हमारी सरकार है, जिसने एससी, एसटी और ओबीसी आरक्षण का दायरा बढ़ाया है। हमें ओबीसी आयोग की स्थापना करने का भी अवसर प्राप्त हुआ, जो कर्पूरी जी के दिखाए रास्ते पर काम कर रहा है। पीएम-विश्वकर्मा योजना भी देश में ओबीसी समुदाय के करोड़ों लोगों के लिए समृद्धि के नए रास्ते बनाएगी। पिछड़े वर्ग से ताल्लुक रखने वाले एक व्यक्ति के रूप में मुझे जननायक कर्पूरी ठाकुर के जीवन से बहुत कुछ सीखने को मिला है। मेरे जैसे अनेक लोगों के जीवन में कर्पूरी बाबू का प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष योगदान रहा है। इसके लिए मैं उनका सदैव आभारी रहूंगा। दुर्भाग्यवश, हमने कर्पूरी ठाकुर को 64 वर्ष की आयु में ही खो दिया। हमने उन्हें तब खोया, जब देश को उनकी सबसे अधिक जरूरत थी। आज भले ही वे हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन जन-कल्याण के कार्यों की वजह से करोड़ों देशवासियों के दिल और दिमाग में जीवित हैं। वे एक सच्चे जननायक थे।

(लेखक प्रधानमंत्री, भारत सरकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## अहंकार ही अज्ञान है



संकलित
**दर्शन**

सूर्य वैसे तो सारे संसार को प्रकाश और ताप देता है, पर यदि वह मेघ से आच्छन्न हो जाए तो ऐसा नहीं कर पाता। इसी भांति जब तक हृदय अहंकार के आवरण से आच्छादित रहता है, तब तक उसमें भगवान प्रकाशित नहीं हो पाते। यह अहं मेघ की तरह है। इसी के कारण हम ईश्वर को नहीं देख पाते। यदि श्रीगुरु की कृपा से अहं-बुद्धि दूर हो जाए तो फिर ईश्वर के पूर्ण दर्शन हो जाते हैं। जैसे, सिर्फ ढाई हाथ की दूरी पर ही साक्षात पूर्णब्रह्म श्रीरामचंद्र जी हैं, किंतु बीच में सीता रूपिणी माया का आवरण होने के कारण लक्ष्मण जी रूपी जीव को ईश्वर राम के दर्शन नहीं होते। जीव का अहंकार ही माया है। यही अहंकार सब आवरण का मूल है। मैं के मरने पर ही सारा जंजाल दूर होगा। अगर किसी को ईश्वर की कृपा से मैं कर्ता नहीं हूं- यह ज्ञान हो जाए, तब तो वह जीवनमुक्त ही हो गया। फिर उसे किसी बात का भय नहीं। अगर मैं अपने को इस अंगोछे की ओट में कर लूं तो तुम मुझे नहीं देख सकते, पर मैं तुम्हारे बिल्कुल नजदीक ही हूं। इसी भांति और सभी चीजों की अपेक्षा ईश्वर ही तुम्हारे सबसे ज्यादा निकट है, किंतु अहं रूपी आवरण के कारण तुम उनके दर्शन नहीं कर सकते। जब तक अहंकार रहता है, तब तक न ज्ञान होता है, न मुक्ति मिलती है। हांडी में रखे पानी और चावल, दाल, आलू आदि को तब तक छुआ जा सकता है, जब तक हांडी आग पर नहीं रखी जाती। जीव की देह मानो हांडी है और धन, मान, विद्या, बुद्धि, जाति, कुल आदि मानों दाल, चावल, आलू की तरह हैं।

*-श्रीरामकृष्ण परमहंस*

## जगत में सबसे सुंदर कौन



संकलित
**प्रेरणा**

एक कौआ सोचने लगा कि पंछियों में मैं सबसे ज्यादा कुरूप हूँ। न तो मेरी आवाज ही अच्छी है, न ही मेरे पंख सुंदर हैं। मैं काला-कलूटा हूँ। ऐसा सोचने से उसके अंदर हीन भावना भरने लगी और वह दुःखी रहने लगा। एक दिन एक बगुले ने उसे उदास देखा तो उसकी उदासी का कारण पूछा। कौवे ने कहाः तुम कितने सुंदर हो, गोरे-चिट्टे हो, मैं तो बिल्कुल स्याह वर्ण का हूँ। मेरा तो जीना ही बेकार है। बगुला बोलाः दोस्त मैं कहाँ सुंदर हूँ। मैं जब तोते को देखता हूँ, तो यही सोचता हूँ कि मेरे पास हरे पंख और लाल चोंच क्यों नहीं है। अब कौए में सुन्दरता को जानने की उत्सुकता बढ़ी। वह तोते के पास गया। बोलाः तुम इतने सुन्दर हो, तुम तो बहुत खुश होते होगे? तोता बोलाः खुश तो था लेकिन जब मैंने मोर को देखा, तब से बहुत दुःखी हूँ, क्योंकि वह बहुत सुन्दर होता है। कौआ मोर को ढूंढने लगा, लेकिन जंगल में कहीं मोर नहीं मिला। जंगल के पक्षियों ने बताया कि सारे मोर चिड़ियाघर वाले पकड़ कर ले गये हैं। कौआ चिड़ियाघर गया, वहाँ एक पिंजरे में बंद मोर से जब उसकी सुंदरता की बात की, तो मोर रोने लगा। मोर बोलाः शुक्र मनाओ कि तुम सुंदर नहीं हो, तभी आजादी से घूम रहे हो वरना मेरी तरह किसी पिंजरे में बंद होते। दूसरों से तुलना करके दुःखी होना बुद्धिमानी नहीं, असली सुन्दरता हमारे अच्छे कार्यों से आती है।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### राम उत्साह और प्रमाणिकता का प्रतीक है

कोई भी व्यक्ति किसी कार्य को करते हुए यदि बारबार असफल होता है तो एक बात उसे प्राय: कही जाती है- अरे! यह भी क्या,तुम इस तरह बार बार असफल कैसे होते हो,क्या तुमारे भीतर में राम नही है। सफल होने के लिए भीतर में धैर्य,उत्साह, सहस और स्फूर्ति का होना नितांत जरूरी है। भीतर में राम है तो कोई भी कार्य अकरणीय नही करेगा। राम राम ही थे। आज कोई ऐसा महामानव नही दिखाई देता है जो राम के बराबर खड़ा किया जा सके। राम की महिमा सर्वत्र है। राम भारतवर्ष को मिल गए है। राम की प्राणप्रतिष्ठा के बाद देश में आस्था का सैलाब देखा। उससे यह प्रतीत होता है कि राम से बढ़कर दुनिया में कुछ नही है। राम के साथ सलंग्नता जीवन का सार्थकता और सफलता है।

*-कांतिलाल मांडोत, सूरत*

## ट्रेंड

### 2024 निर्णायक वर्ष होगा



2024 वैश्विक स्वास्थ्य और इसके लिए एक निर्णायक वर्ष होगा। अगले चार वर्षों के लिए विश्व की वैश्विक स्वास्थ्य रणनीति। निवेश दौर के माध्यम से डब्ल्यूएचओ का भविष्य। जैसे ही कार्यकारी बोर्ड आज एकत्र हुआ, मैंने उनसे इन अवसरों का लाभ उठाने का आग्रह किया।

-टेड्रोस, यूएन महासचिव

### ज्येष्ठ जनों का आदर हो



ज्येष्ठ जनों का आदर नित्य हो। हमारी मनोवृत्तियां, स्वभाव, आचरण और समग्र चरित्र ऐसा हो कि हम सदैव दूसरों का आदर करें। बड़े मात्र आयु और अनुभव में ही बड़े नहीं है अपितु अनुभव और परंपरा के संवाहक हैं।

-अवधेशानंद, आध्यात्मिक गुरु

### हमारा कार्यकर्ता डरता नहीं



असम में जिस रास्ते पर 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' निकलनी थी वहीं से बजरंग दल और नड्डा जी की रैली निकली लेकिन हमें रोका गया। कांग्रेस के बब्बर शेरों ने बैरिकेड ढहा दिए। हमारा कार्यकर्ता किसी से कमजोर नहीं, किसी से डरता नहीं।

-सुप्रिया श्रीनेत, कांग्रेस नेता

### राम की अद्वितीय उपस्थिति



भारतीय जीवन के हर पहलू में 'राम' की अद्वितीय उपस्थिति है- दुःख में: 'हे राम' दर्द में: 'अरे राम', दुर्भाग्य में 'हे राम', अभिवादन में: 'राम राम', शपथ में: 'राम कसम', अनिश्चितता में: 'राम भरोसे', सुशासन के लिए: 'राम राज्य', मृत्यु में: 'राम नाम सत्य।'

-हर्ष गोयनका, उद्योगपति

## करंट अफेयर


# इजराइल में मना रामलला प्राण- प्रतिष्ठा का जश्न



इजराइल में रह रहे सैकड़ों भारतीयों ने अयोध्या में नवनिर्मित राममंदिर में रामलला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा का उत्सव विशेष पूजा अर्चना आयोजित कर मनाया। इन भारतीयों में अधिकतर तेलंगाना राज्य के मूल निवासी हैं। अयोध्या के राममंदिर में सोमवार को रामलला की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा किए जाने से पहले शनिवार को, इसके उपलक्ष्य में तेल अवीव के बीट दानी हॉल में इजराइल में स्थित तेलंगाना एसोसिएशन ने सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में भजन और कीर्तन हुआ। आयोजकों ने बताया कि इस अवसर पर करीब 300 लोगों को भारतीय व्यंजन परोसे गये। इजराइल में तेलंगाना एसोसिएशन के अध्यक्ष रवि सोम ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, 'प्रत्येक हिंदू को इस अद्भुत क्षण का इंतजार था, जो आखिरकार साकार हुआ। यह एक अवर्णनीय खुशी है क्योंकि मैंने नहीं सोचा था कि मेरे जीवनकाल में ऐसा होगा।' कार्यक्रम का संचालन तेलंगाना के डोडल स्वामी ने किया, जिन्होंने मुख्य आयोजक की भूमिका निभाई। कार्यक्रम में हिस्सा लेने वालों कुछ प्रतिभागियों ने कहा कि यह इजराइल में समुदाय द्वारा आयोजित सबसे बड़े कार्यक्रमों में से एक है और यह बहुत कम समय में आयोजित किया जो उनके उत्साह को प्रदर्शित करता है।

## ऑफ बीट

# धीरे-धीरे दौड़ने के हैं अपने कई फायदे



धावकों को समय को लेकर जुनून होता है। शौकिया हों या पेशेवर, अधिकतर धावकों का उद्देश्य तेजी से दौड़ना होता है। वे अपने मैराथन समय में से कुछ सेकंड कम करने के लिए लगातार प्रशिक्षण लेते हैं। लेकिन हाल के वर्षों में दौड़ने का जो चलन जोर पकड़ रहा है, वह है 'धीमी गति से दौड़ना'। इस चलन के पीछे विचार यह है कि कोई भी दौड़ सकता है – चाहे आपकी क्षमता कुछ भी हो या आप कितनी भी तेज दौड़ें। एक मजबूत आधार विकसित करने से काम करने वाली मांसपेशियों को प्रति धड़कन अधिक ऑक्सीजन पहुंचाने की क्षमता मिलती है, जो दौड़ में सफल होने के लिए महत्वपूर्ण है। इतना ही नहीं, बल्कि धीमी गति से दौड़ने से शरीर ऊर्जा के लिए संग्रहीत वसा का इस्तेमाल करता है। यह प्रक्रिया खाद्य पदार्थों से प्राप्त कार्बोहाइड्रेट संग्रह पर निर्भर रहने के विपरीत है। शरीर में एकत्र वसा का खंडित होना चयापचय की दृष्टि से कहीं अधिक कुशल प्रक्रिया है, क्योंकि वसा के एक अणु से प्राप्त ऊर्जा की मात्रा कार्बोहाइड्रेट के एक अणु से प्राप्त ऊर्जा की मात्रा से कहीं अधिक होती है। इसका मतलब है कि धावक कुल मिलाकर कम ऊर्जा का उपयोग करेंगे और कम थकेंगे तथा दौड़ के दिन तेजी से दौड़ने में सक्षम होंगे।

**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : **haribhoomi@gmail.com**
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

### भारत जोड़ो न्याय यात्रा को गुवाहाटी शहर में जाने से रोकने का लगाया आरोप

# असम में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने तोड़ी पुलिस बैरिकेडिंग, सीएम बोले-एफआईआर होगी

**दिसपुर (एजेंसी)।** राहुल गांधी की न्याय यात्रा मंगलवार को गुवाहाटी पहुंची, जिसे असम पुलिस ने रोक दिया। राहुल अपने काफिले के साथ गुवाहाटी शहर के बीच से गुजरना चाहते थे, लेकिन प्रशासन ने इसकी इजाजत नहीं दी। पुलिस ने गुवाहाटी सिटी जाने वाली सड़क पर बैरिकेडिंग कर दी। इसके बाद कांग्रेस समर्थक पुलिस से भिड़ गए। उन्होंने बैरिकेडिंग तोड़ दी। घटना को लेकर राहुल ने कहा कि जिस रास्ते पर हमारी यात्रा को रोका गया है, उसी रास्ते से बजरंग दल और जेपी नड्डा की रैली निकली थी। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने रास्ते पर लगे बैरिकेड हटा दिए हैं, लेकिन हमने कानून नहीं तोड़ा है। असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा, 'ऐसा बर्ताव असमिया कल्चर का हिस्सा नहीं है। ये नक्सली गतिविधियां हमारी संस्कृति से अलग हैं। मैंने असम पुलिस के डीजीपी को निर्देश दिया है कि वे राहुल गांधी के खिलाफ भीड़ को उकसाने के लिए एफआईआर दर्ज करें और कांग्रेस ने जो वीडियो पोस्ट किए हैं, उन्हें सबूत के तौर पर इस्तेमाल करें।'

## हिमंता बिस्वा बोले-ऐसा बर्ताव असमिया कल्चर का हिस्सा नहीं




### 25 जनवरी तक असम में रहेगी कांग्रेस की यात्रा

असम पुलिस ने वर्किंग डे का कारण बताकर न्याय यात्रा को शहर के अंदर ले जाने से मना किया था। पुलिस ने कहा था कि आज अगर न्याय यात्रा शहर में गई तो ट्रैफिक व्यवस्था बिगड़ जाएगी, इसलिए प्रशासन ने रैली को नेशनल हाईवे पर जाने का निर्देश दिया है। राहुल की न्याय यात्रा 18 जनवरी को नगालैंड से असम पहुंची थी। 20 जनवरी को यात्रा अरुणाचल प्रदेश गई, फिर 21 को असम लौट आई। इसके बाद यात्रा 22 जनवरी को मेघालय निकली और मंगलवार को एक बार फिर असम पहुंची। राहुल की न्याय यात्रा 25 जनवरी तक असम में रहेगी। हिमंता बिस्व सरमा और कांग्रेस के बीच पिछले कई दिनों से जुबानी जंग चल रही है। कांग्रेस सरमा पर यात्रा को प्रभावित करने का आरोप लगाती आ रही है। सरमा भी कांग्रेस को कई जिलों में नहीं जाने की सुझाव दे चुके हैं।

### अयोध्या में प्रधानमंत्री ने 'शो' किया मंदिर के नाम पर लहर नहीं : राहुल

**डोमडोमा (असम) (भाषा)।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को कहा कि राम मंदिर के नाम पर लहर नहीं है तथा अयोध्या में सोमवार को जो हुआ वह एक राजनीतिक कार्यक्रम था जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'शो' किया। उन्होंने कहा कि असम में उनकी 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' में अवरोध पैदा करने का जितना प्रयास किया जा रहा है उससे उनकी यात्रा को उतना ही प्रचार मिल रहा है। राहुल गांधी का कहना था कि कि मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा के धमकाने वाले कदमों से वह डरने वाले नहीं हैं। यह पूछे जाने पर कि 'राम लहर' का मुकाबला करने के लिए उनके पास क्या योजना है, तो कांग्रेस नेता ने कहा, ''ऐसी कोई बात नहीं है कि लहर है। यह भाजपा का राजनीतिक कार्यक्रम था। नरेन्द्र मोदी जी ने फंक्शन किया, शो किया। वो सब ठीक है, अच्छी बात है। लेकिन हम स्पष्ट हैं कि देश को मजबूत बनाने के लिए 'पांच न्याय' की योजना हमारे पास है। यह हम आपके सामने रखेंगे।'' राहुल गांधी ने कहा, ''इस यात्रा के पीछे न्याय का विचार है। इसमें न्याय के पांच स्तंभ हैं- युवा न्याय, भागीदारी, नारी न्याय, किसान न्याय और श्रमिक के लिए न्याय। ये पांच स्तंभ देश को शक्ति देंगे। कांग्रेस अगले एक-डेढ़ महीने में इन्हें जनता के सामने रखेगी।'



# प्रधानमंत्री ने बच्चों को बताया-संगीत से ध्यान में कैसे मिलती है मदद

- राष्ट्रीय बाल पुरस्कार विजेताओं से मिले मोदी, बातचीत भी की
- प्रत्येक पुरस्कार विजेता को स्मृति चिह्न भेंट किए

**नई दिल्ली (भाषा)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को इस साल के राष्ट्रीय बाल पुरस्कार विजेताओं से बातचीत की और इस दौरान उन्होंने संगीत के बारे में अपनी रुचि से उन्हें अवगत कराया तथा बताया कि कैसे इससे उन्हें ध्यान लगाने में मदद मिलती है। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने एक बयान में यह जानकारी दी।

इस दौरान प्रधानमंत्री ने प्रत्येक पुरस्कार विजेता को स्मृति चिह्न भेंट किए और उनके साथ बातचीत की। बच्चों ने अपनी उपलब्धियों का विवरण भी प्रधानमंत्री से साझा किया, जिसके कारण उन्हें पुरस्कार के लिए चुना गया है। पीएमओ ने कहा, ''संगीत, संस्कृति, सौर ऊर्जा, बैडमिंटन, शतरंज जैसे खेलों सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई।'' बच्चों ने प्रधानमंत्री से कई सवाल भी पूछे, जिनमें से एक का जवाब देते हुए उन्होंने सभी प्रकार के संगीत में अपनी रुचि के बारे में बताया।



### सरकार सात श्रेणियों में बच्चों को देती है पुरस्कार

प्रधानमंत्री ने यह भी बताया कि यह कैसे ध्यान में उनकी मदद करता है। 'प्रधानमंत्री सूर्योदय योजना' की शुरुआत की घोषणा के बारे में पूछे जाने पर मोदी ने गुजरात के मुख्यमंत्री रहते हुए सौर ऊर्जा के उपयोग के लिए उनके द्वारा उठाए गए कदमों को याद किया। उन्होंने बच्चों को यह भी बताया कि इस योजना से लोगों को कैसे लाभ होगा। प्रधानमंत्री ने बच्चों के साथ 23 जनवरी के दिन के महत्व के बारे में भी चर्चा की और उन्हें पराक्रम दिवस के बारे में बताया। पीएमओ के मुताबिक, ''प्रधानमंत्री ने बताया कि कैसे सरकार नेताजी सुभाष चंद्र बोस की विरासत का सम्मान कर रही है।'' भारत सरकार सात श्रेणियों-कला और संस्कृति, बहादुरी, नवाचार, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, समाज सेवा, खेल और पर्यावरण में असाधारण उपलब्धि के लिए बच्चों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार प्रदान करती रही है। प्रत्येक पुरस्कार विजेता को एक पदक, प्रमाणपत्र और प्रशस्ति पत्र पुस्तिका दी जाती है। इस वर्ष, विभिन्न श्रेणियों के तहत देश भर के 19 बच्चों को इस पुरस्कार के लिए चुना गया है। पुरस्कार पाने वालों में 18 राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों के नौ लड़के और 10 लड़कियां शामिल हैं।

- प्रत्येक पुरस्कार विजेता को एक पदक, प्रमाणपत्र और प्रशस्ति पत्र पुस्तिका दी जाती
- इस वर्ष देश भर के 19 बच्चों को इस पुरस्कार के लिए चुना गया, इनमें नौ लड़के और दस लड़कियां

### कांग्रेस अध्यक्ष ने बोला हमला

# सूर्योदय योजना प्रधानमंत्री का एक और जुमला : खड़गे

भाषा ▶▶ नई दिल्ली



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने 'प्रधानमंत्री सूर्योदय योजना' को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का एक और जुमला करार देते हुए मंगलवार को कहा कि मौजूदा सरकार 10 वर्षों में 10 लाख घरों की छतों पर भी सोलर पैनल स्थापित नहीं कर पाई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि केंद्र सरकार 'प्रधानमंत्री सूर्योदय योजना' आरंभ करेगी जिसके तहत एक करोड़ घरों की छतों (रूफटॉप) पर सोलर पैनल लगाए जाएंगे। खड़गे ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''प्रधानमंत्री जी के जुमलों का सूर्य तक पहुंचना! कल प्रधानमंत्री ने एक करोड़ घरों की छतों पर सौर ऊर्जा पैनल स्थापित करने के नए लक्ष्य की घोषणा की। जमीनी हकीकत यह है कि भाजपा शासन के पिछले 10 वर्षों में 10 लाख घरों में भी छत पर सौर ऊर्जा पैनल नहीं लगा है।'' उन्होंने दावा किया कि इससे पहले मोदी सरकार ने 2022 तक 40 गीगावॉट के पैनल की सौर क्षमता स्थापित करने का झूठा वादा किया था।

### गरीबों के लिए 20 लाख घर बनाए जाएंगे : सोरेन

**रांची (भाषा)।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने वर्ष 2027 तक राज्य के गरीबों को 20 लाख आवास उपलब्ध कराने की मंगलवार को घोषणा की। खूंटी जिले के तोरपा में राज्य सरकार द्वारा प्रायोजित आवासीय योजना 'अबुआ आवास योजना' (एएवाई) के लाभार्थियों को संबोधित करते हुए सोरेन ने कहा कि सरकार ने केंद्र से गरीबों के लिए आठ लाख आवास की मांग की थी, जैसा कि उन्होंने सभी गरीबों को आवास उपलब्ध कराने का वादा किया था। मुख्यमंत्री ने कहा, "शुरुआत में केंद्र ने स्वीकार किया था कि झारखंड में चार लाख गरीब लोग हैं।

### कांग्रेस, विपक्षी गठबंधन वोट लेने के लिए चिंतित : नड्डा

**अहमदाबाद। (भाषा)।** भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने आरोप लगाया कि कांग्रेस और विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' में सहयोगी केवल जाति जनगणना के नाम पर वोट हासिल करने में रुचि रखते हैं और उन्हें विभिन्न वर्गों के कल्याण की कोई परवाह नहीं है। वह अहमदाबाद के थलतेज इलाके में गांधीनगर लोकसभा क्षेत्र कार्यालय का उद्घाटन करने के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं और नेताओं को संबोधित कर रहे थे। नड्डा ने मंच से गुजरात के बाकी 25 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए भी इसी तरह के कार्यालयों का डिजिटल माध्यम से उद्घाटन किया।

### मप्र में कूनो राष्ट्रीय उद्यान में नामीबियाई चीता ने तीन शावकों को जन्म दिया

**भोपाल/नई दिल्ली (भाषा)।** मध्य प्रदेश के कूनो राष्ट्रीय उद्यान में एक नामीबियाई चीता ने तीन शावकों को जन्म दिया है। इससे कुछ हफ्तों पहले एक अन्य चीता ने तीन शावकों को जन्म दिया था। केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर यह खबर साझा करते हुए कहा, ''कूनो के नए शावक! नामीबियाई चीता ज्वाला ने तीन शावकों को जन्म दिया है। इससे कुछ हफ्तों पहले नामीबियाई चीता आशा ने तीन शावकों को जन्म दिया था।'' उन्होंने पोस्ट में कहा, ''अग्रिम मोर्चे पर काम करने वाले सभी वन्यजीव योद्धाओं और देशभर के वन्यजीव प्रेमियों को बधाई। भारत का वन्य जीवन समृद्ध हो।'' अधिकारियों ने बताया कि ज्वाला ने 20 जनवरी को इन शावकों को जन्म दिया। 10 महीने के अंतराल में दूसरी बार ज्वाला ने शावकों को जन्म दिया है। ज्वाला (नामीबियाई नाम सियाया) ने पिछले साल मार्च में भी चार शावकों को जन्म दिया था। हालांकि, उनमें से केवल एक शावक ही जीवित बचा। यादव ने तीन जनवरी को नामीबियाई चीता आशा के तीन शावकों के जन्म की सूचना दी थी।

### मांझी ने लिखा- खेला होबे

# नीतीश कुमार अचानक राज्यपाल से मिलने पहुंचे

एजेंसी ▶▶ पटना



बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार मंगलवार को अचानक राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर से मिलने राजभवन पहुंचे। सीएम और राज्यपाल की मुलाकात करीब 50 मिनट तक चली। उनके साथ संसदीय कार्य मंत्री विजय चौधरी भी मौजूद रहे। मुलाकात के बाद सीएम राजभवन से निकल गए। उन्होंने पत्रकारों से बात नहीं की। इधर, पूर्व सीएम जीतनराम मांझी ने सोशल मीडिया पर लिखा- खेला होबे। हालांकि राजद ने इसे शिष्टाचार मुलाकात बताया है। राजद प्रवक्ता ने कहा- ऑल इज वेल। राजभवन जाने से पहले सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर राज्यपाल, मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव गांधी मैदान में एक साथ थे। तीनों ने नेताजी सुभाषचंद्र बोस को श्रद्धांजलि दी थी। कार्यक्रम के तुरंत बाद सीएम नीतीश कुमार राज्यपाल से मिलने राजभवन चले गए। उनके साथ डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव नहीं थे। इधर, बिहार में सियासी उठा पटक के बीच हम पार्टी के सुप्रीमो जीतनराम मांझी ने सोशल मीडिया एक्स पर खेला होखी पोस्ट कर हलचल बढ़ा दी।






# गणतंत्र दिवस : पहली बार दिखेगी तीनों सेनाओं की महिला टुकड़ी, 'नारी शक्ति' भी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

समूचा राष्ट्र इस वर्ष 75वां गणतंत्र दिवस मनाएगा। यह गणतंत्र दिवस हमारे लिए कई मायनों में खास होने जा रहा है। इसमें झांकियों से लेकर परेड और थीम तक के केंद्र में महिलाएं हैं। इस वर्ष की थीम 'विकसित भारत और भारत-लोकतंत्र की मातृका' रखी गई है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू दिल्ली स्थित कर्तव्य पथ पर ध्वजारोहण करेंगी। पीएम नरेंद्र मोदी सुबह अमर जवान ज्योति पर श्रद्धांजलि देंगे। समारोह के मुख्य आकर्षण सुबह 10:30 बजे से दोपहर 12 बजे के बीच है। रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने ने बताया कि कर्तव्य पथ पर परेड देखने के लिए 77 हजार सीटों की क्षमता है। इनमें से आम जनता के लिए 42 हजार सीट टिकटों के जरिए बुक की जाती हैं। ज्यादातर टिकट बेची जा चुकी हैं।



- 100 महिला कलाकारों द्वारा वाद्यों के साथ शुरुआत
- परेड में महिला फाइटर पायलटों की भी भागीदारी
- पहली बार तीनों सेनाओं की एक महिला टुकड़ी
- परेड में 48 महिला अग्निवीरों का करतब प्रदर्शन भी





### अब तक का सबसे अच्छा प्रतिनिधित्व दिखेगा

इस साल के गणतंत्र दिवस की थीम महिलाओं पर आधारित है तो परेड में महिलाओं का अब तक का सबसे अच्छा प्रतिनिधित्व देखने को मिलेगा। इस बार देशभर की 100 महिला सांस्कृतिक कलाकार पारंपरिक वाद्यों के साथ परेड की शुरुआत करेंगी। एक केवल एक समूह ही सलामी मंच के सामने अपनी प्रस्तुति देगा और बाकी अन्य 11 समूह अलग-अलग अपनी प्रस्तुति देंगे। पहली बार तीनों सेनाओं की एक महिला टुकड़ी भी मार्च करेगी। केंद्रीय सशस्त्र बलों की टुकड़ियों में भी महिलाकर्मी शामिल होंगी।

### कैप्टन राव थलसेना की टुकड़ी का नेतृत्व करेंगी

परेड में कैप्टन शरण्या राव थलसेना की टुकड़ी का नेतृत्व करेंगी। फ्रांस के राष्ट्रीय दिवस में अतिथि के तौर पर पीएम मोदी के साथ शामिल रहीं स्क्वॉड्रन लीडर सुमिता यादव भी इस परेड में हिस्सा ले रही हैं। स्क्वाड्रन लीडर रश्मि ठाकुर भारतीय वायुसेना की मार्चिंग टुकड़ी का नेतृत्व करेंगी। स्क्वाड्रन लीडर सुमिता यादव और स्क्वाड्रन लीडर प्रतीति अहलुवालिया और फ्लाइट लेफ्टिनेंट कीर्ति रोहिल भी रहेंगी। फ्लाइट लेफ्टिनेंट सृष्टि वर्मा त्रि-सेवा दल के सुपर न्यूमैरेरी अफसर के तौर पर मार्चिंग करेंगी।

### फ्रांसीसी राष्ट्रपति मैक्रों होंगे मुख्य अतिथि

फ्रांसीसी राष्ट्रपति मैक्रों समारोह के मुख्य अतिथि हैं। परेड में फ्रांस की 95 सदस्यीय मार्चिंग टीम और 33 सदस्यीय बैंड दल भी शिरकत करेगा। एक मल्टी रोल टैंकर ट्रांसपोर्ट विमान और फ्रांसीसी वायुसेना के दो राफेल लड़ाकू जेट भी फ्लाई-पास्ट में हिस्सा लेंगे। लगभग 13 हजार विशेष मेहमानों को आमंत्रित किया गया है। पेटेंट हासिल करने वाले विशेषज्ञों, इसरो की महिला वैज्ञानिकों, स्वतंत्रता सेनानियों, किसानों और आदिवासी समुदाय के लोगों को भी निमंत्रण दिया गया है।

## खबर संक्षेप

### शीर्ष कोर्ट ले जाऊंगा ज्ञानवापी, मथुरा का केस



**नई दिल्ली।** वरिष्ठ भाजपा नेता सुब्रमण्यम स्वामी ने एक्स पर मंगलवार को लिखा कि मैं अब ज्ञानवापी काशी विश्वनाथ मंदिर और कृष्ण जन्मभूमि मथुरा मंदिर को पुनर्स्थापित करने की अनुमति देने के लिए लंबित पूजा स्थलों की जनहित याचिका को तत्काल सूचीबद्ध करने का अनुरोध करने के लिए सुप्रीम कोर्ट का रुख करूंगा। स्वामी के पार्टी के साथ संबंध कुछ बिगड़े हैं।

### वाईएसआर कांग्रेस के सांसद का इस्तीफा



**अमरावती।** आंध्र प्रदेश में सत्तारूढ़ युवजन श्रमिका रायथु कांग्रेस पार्टी की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। लोकसभा सांसद एल. श्री कृष्ण देवरायलु ने मंगलवार को पार्टी और संसद से इस्तीफा दे दिया। वह आंध्र प्रदेश में नरसरावपेट निर्वाचन क्षेत्र से सांसद चुने गए थे। उन्होंने कहा कि उनके निर्वाचन क्षेत्र को बदलने की पार्टी की योजना पर ड्रामा खत्म हुआ।

### गृहमंत्री शाह ने डिजिटल फोरेंसिक उत्कृष्टता केंद्र का किया उद्घाटन

# भारत की आपराधिक न्याय प्रणाली 5 वर्षों में विश्व की सबसे आधुनिक होगी

### केंद्र सरकार ने पुरानी आपराधिक न्याय प्रणाली में किए अहम बदलाव

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि सरकार ने देश में एक सौ 50 वर्ष पुरानी आपराधिक न्याय प्रणाली में महत्वपूर्ण बदलाव किए हैं। सरकार तीन नए कानून भी लेकर आई है। केंद्रीय गृह मंत्री एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने गांधीनगर में राष्ट्रीय फोरेंसिक विज्ञान विश्वविद्यालय में डिजिटल फोरेंसिक उत्कृष्टता केंद्र का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा भारतीय आपराधिक न्याय प्रणाली आने वाले पांच वर्षों में विश्व की सबसे अधिक आधुनिक प्रणाली होगी।

केंद्रीय गृह मंत्री ने आगे कहा कि सरकार ने देश में एक सौ 50 वर्ष पुरानी आपराधिक न्याय प्रणाली में महत्वपूर्ण बदलाव किए हैं। सरकार तीन नए कानून भी लेकर आई है। उन्होंने कहा, भारत में पहली बार बड़े साहस के साथ हमने निर्णय किया है कि सात साल और उससे बड़ी सजा के लिए हर क्राइम सीन पर फोरेंसिक साइंस ऑफिसर का विजिटर विजिट कंपलसरी कर दिया है। मैं मानता हूं कि इससे इवेस्टीगेशन को भी सरलता मिलेगी।

#### तेजी से बदल रही तकनीक

पुलिस को आधुनिक बनाने की पहल शुरू सरकार अपने बुनियादी ढांचे को बदले बिना तकनीक का इस्तेमाल कर पुलिस प्रणाली को आधुनिक बनाने की 'बड़ी चुनौती' पर काम कर रही है। तकनीक तेजी से बदल रही है। पुलिस को अपराधियों से दो पीढ़ी आगे रहने की जरूरत है।



**150** साल की आपराधिक न्याय प्रणाली **सुधरेगी**

#### जस्टिस सिस्टम के सभी न्यायाधीशों को भी होगी सरलता

न्याय का काम करने वाले जस्टिस सिस्टम के सभी न्यायाधीशों को भी सरलता होगी। प्रोसीक्यूशन एजेंसी को भी सरलता होगी और सजा का दर बढ़ाने में भी हमें बहुत बड़ी सफलता मिलेगी। इसके साथ-साथ पूरी प्रक्रिया को हम आधुनिक बनाने का भी प्रयास कर रहे हैं।

#### इस सिस्टम में हमने फॉरेंसिक विशेषज्ञों की मांग को पूरा किया

इसी के साथ उन्होंने यह भी कहा कि ज्यादा से ज्यादा पांच साल के बाद भारत की आपराधिक न्याय प्रणाली विश्व की सबसे आधुनिक क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम होगा। इससे अपराधों पर भी लगाम लग सकेगी। उल्लेखनीय है कि आपराधिक न्याय प्रणाली में फॉरेंसिक विशेषज्ञों की मांग को पूरा करने के लिए नेशनल फॉरेंसिक साइंस यूनिवर्सिटी की स्थापना की गई है। 3 नए आपराधिक कानूनों के लागू हो जाने से अगले पांच वर्षों में देश की अपराध को लेकर न्याय प्रणाली दुनिया में सबसे उन्नत होगी।' वह भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम का जिक्र कर रहे थे। जब तक हम न्यायिक प्रक्रिया के सभी हितधारकों को फोरेंसिक साइंस के साथ नहीं जोड़ते, तब तक हमें लाभ नहीं होगा। फोरेंसिक साइंस का इस्तेमाल जांच, अभियोजन और न्याय के लिए किया जाना चाहिए। अब वक्त आ गया है कि शिक्षा में फॉरेंसिक साइंस को अपनाकर कदम आगे बढ़ाया जाए।'

#### हाईब्रिड और बहु-आयामी खतरे बने चुनौती

*उन्होंने कहा कि उन्होंने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) जैसी तकनीक से पैदा हाईब्रिड और बहु-आयामी खतरे हमारे सामने चुनौती पेश करते हैं। हमारी प्रणाली की सुरक्षा के लिए एक नेटवर्क बनाने की जरूरत है। शाह ने कहा कि केंद्र सरकार ने नौ हजार से ज्यादा वैज्ञानिक, अधिकारियों और फोरेंसिक अधिकारियों की जरूरत को पूरा करने के लिए कदम उठाए हैं। जिनकी देश में हर साल भर्ती की जरूरत होगी।*

### दिल्ली दवा घोटाला

# सीबीआई ने प्रारंभिक जांच दर्ज कर शुरू की कार्रवाई

- *अस्पतालों और मोहल्ला क्लीनिकों में घटिया दवाओं की सप्लाई*



एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

केंद्रीय जांच ब्यूरो ने दिल्ली सरकार के अस्पतालों और मोहल्ला क्लीनिकों में घटिया दवाओं के आरोपों की प्रारंभिक जांच दर्ज की है। आसान भाषा में समझें तो एफआईआर दर्ज करने से पहले जांच एजेंसी द्वारा प्रारंभिक जांच कार्रवाई की जाती है। प्रारंभिक जांच गृह मंत्रालय द्वारा दिल्ली सरकार के सतर्कता निदेशालय की एक रिपोर्ट को आगे बढ़ाने के बाद हुई है, जिसमें सीबीआई जांच की मांग की गई थी। दिल्ली के एलजी विनय कुमार सक्सेना ने आरोप लगाया था कि दवाएं गुणवत्ता मानक परीक्षणों में विफल रहीं और दिल्ली सरकार द्वारा संचालित अस्पतालों में जीवन को खतरे में डालने की क्षमता थी। दिल्ली के एलजी सक्सेना ने सीबीआई जांच की सिफारिश की थी। बताया गया कि एलजी ने यह कार्रवाई विजिलेंस विभाग की रिपोर्ट के आधार पर की है।

#### परीक्षण के बाद कई नमूने विफल पाए गए

सतर्कता विभाग की रिपोर्ट के आधार पर सीबीआई जांच की सिफारिश करते हुए दिल्ली के एलजी विनय कुमार सक्सेना ने मुख्य सचिव को लिखे नोट में कहा था कि यह चिंताजनक है। सतर्कता विभाग की रिपोर्ट में कहा गया है कि प्रयोगशालाओं में भेजे 43 नमूनों में से 3 नमूने फेल हो गए हैं। निजी प्रयोगशालाओं को भेजे गए अन्य 43 नमूनों में से 5 नमूने विफल रहे और 38 नमूने मानक गुणवत्ता के पाए गए। इस पर खूब हीलाहवाला की गई।

#### 10 फीसदी से ज्यादा सैंपल फेल निकले

विजिलेंस विभाग ने सिफारिश की है कि चूंकि 10 फीसदी से ज्यादा सैंपल फेल हो चुके हैं, इसलिए विभाग को सैंपलिंग का दायरा बढ़ाना चाहिए। दवाएं सरकार की केंद्रीय खरीद एजेंसी द्वारा खरीदी गईं और सरकारी अस्पतालों और मोहल्ला क्लीनिकों को आपूर्ति की गईं।

### इजराइली सेना ने की पुष्टि, नेतन्याहू ने जताया शोक

# इजराइली सेना पर अब तक के सबसे घातक हमले में 21 सैनिकों की मौत

भाषा ▸▸ यरुशलम

इजराइली सेना ने मंगलवार को कहा कि सात अक्टूबर को हमास के हमले के बाद गाजा पट्टी में छिड़ी जंग के बाद अब तक के सर्वाधिक घातक हमले में उसके 21 सैनिकों की मौत हो गयी है। यह युद्ध शुरू होने के बाद से सेना को पहुंची एक बड़ी क्षति है जिससे संघर्ष विराम की मांग बढ़ सकती है। इसके घंटों बाद, सेना की ओर से घोषणा की गई कि उसके सैनिकों ने गाजा के दूसरे सबसे बड़े दक्षिणी शहर खान यूनिस को घेर लिया है। खान यूनिस में हाल



- हमास पर 'पूरी तरह जीत हासिल करने तक' तक कार्रवाई जारी रखने की कसम खाई

के दिनों में भारी लड़ाई में दर्जनों फिलिस्तीनी हताहत हुए हैं। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने सैनिकों की मौत पर शोक व्यक्त किया, लेकिन हमास पर 'पूरी तरह जीत हासिल करने तक' तक आक्रामक कार्रवाई जारी रखने की कसम खाई। उन्होंने गाजा में बंधक बनाए गए 100 से अधिक बंधकों को वापस लाने का भी वादा किया है। लेकिन इजराइली इस सवाल पर बंटे हुए हैं कि क्या ऐसा करना संभव है और बड़ी संख्या में इजराइली लोगों के हताहत होने से इजराइली सरकार पर पिछले सैन्य अभियानों को रोकने का दबाव है। मिस्र के एक वरिष्ठ अधिकारी ने इस बीच कहा है कि इजराइल ने दो महीने के संघर्ष विराम का प्रस्ताव दिया है जिस दौरान कैद किये गये बंदियों को रिहा करने के बदले बंधकों को मुक्त कराया जाएगा।

### राजस्थान विधानसभा में हंगामा

# गहलोत सरकार की योजना बंद करने पर गरमा-गरमी

एजेंसी ▸▸ जयपुर

राजस्थान की नवगठित विधानसभा की कार्रवाई मंगलवार को शुरू हुई जहां विपक्षी सदस्यों ने प्रश्नकाल में सरकार की ओर से प्रश्नों के 'समुचित उत्तर' नहीं मिलने का दावा करते हुए हंगामा किया।

सदन में सरकारी भर्ती परीक्षा प्रश्नपत्र लीक मामलों की जांच को लेकर सत्ता पक्ष व विपक्ष के सदस्य आमने-सामने आ गए।'राजीव गांधी युवा मित्र योजना' को बंद करने का मुद्दा भी उठा जहां विपक्ष के कई विधायकों ने सरकार से फैसला वापस लेने की मांग की। पूर्ववर्ती गहलोत सरकार ने अपनी योजनाओं



के प्रचार-प्रसार के लिए हर जिले में युवाओं की भर्ती की थी। इसकी शुरुआत राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के विधायक हनुमान बेनीवाल के प्रश्नपत्र लीक मामलों की जांच संबंधी सवाल से हुई।

# सुरक्षा परिषद में भारत का स्थायी सदस्य न होना बेतुका

भाषा ▸▸ न्यूयॉर्क

उद्योगपति एलन मस्क ने कहा कि धरती का सबसे अधिक आबादी वाला देश होने के बावजूद भारत का संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्य न होना बेतुका है और उन्होंने इस विश्व निकाय में बदलाव करने का आह्वान किया। टेस्ला के सीईओ



की यह टिप्पणी तब आई है जब संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने यूएनएससी के स्थायी सदस्यों की सूची में किसी अफ्रीकी देश के शामिल न होने को लेकर चिंता जतायी थी। उन्होंने कहा कि संस्थानों को आज के विश्व का प्रतिनिधित्व करना चाहिए न कि 80 साल पहले के विश्व का। इसी वर्ष सितंबर में होने वाला भविष्य का शिखर सम्मेलन वैश्विक शासन में सुधार और पुनर्निर्मित विश्वास पर विचार करने का एक अवसर होगा।'

### शिकागो में आठ की हत्या के संदिग्ध ने खुद को मारी गोली

**शिकागो (भाषा)।** शिकागो उपनगर में आठ लोगों की गोली मारकर हत्या करने के संदिग्ध एक व्यक्ति ने खुद को गोली मार ली जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने सोमवार देर रात यह जानकारी दी। इलिनोइस के जोलीट में पुलिस ने फेसबुक पर जानकारी दी कि रोमियो नेंस को अमेरिकी मार्शलों ने नतालिया, टेक्सास के पास ढूंढा और वहीं नेंस ने खुद को गोली मार ली।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25